CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 26°C
तापमान

सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60

सोना 1,03,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 16 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 225 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082

19 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर क्रैश, सात लोगों की मौत

## बाबा केदारनाथ के दर्शन करके लौट रहे थे छह श्रद्धालु, दो मृतक बिजनौर निवासी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी शामिल है।

श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि रविवार सुबह करीब 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/ बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रात: 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुंचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी -शेष पृष्ठ दो पर

### चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सोमवार तक बंद
### उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रचलित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धामों की यात्रा के लिए आगामी सोमवार तक हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान चारधाम में लगे सभी हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुन: हेलीकॉप्टर सेवा को सुचारू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने आवास में हुई बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में अब हेलीकॉप्टर उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। मुख्यमंत्री ने सचिव, गृह की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

### विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा हादसे की जांच

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। एक जानकारी में बताया गया कि एहतियाती उपाय के रूप में डीजीसीए ने पहले ही चार धाम तक हेलीकॉप्टर संचालन की आवृत्ति को कम कर दिया है, बढ़ी हुई निगरानी कर रहा है और आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन की समीक्षा कर रहा है। दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त SOP बनाने के निर्देश

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए जो हेलीकॉप्टर संचालन की सभी तकनीकी एवं सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के साथ ही आज के हेलीकॉप्टर दुर्घटना की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

### केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, आर्यन एविएशन का परिचालन स्थगित, दो पायलटों के लाइसेंस निलंबित

**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम के समीप रविवार सुबह एक बड़े हेलीकॉप्टर हादसे के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, डीजीसीए ने ट्रांसभारत एविएशन के दो पायलटों के लाइसेंस भी छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिए हैं। इस हादसे के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने चार धाम क्षेत्र में हेलीकॉप्टर परिचालन पर सख्त नजर रखने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने कहा है कि हेलीकॉप्टर गतिविधियों की निगरानी के लिए अफसरों को केदारनाथ घाटी में तैनात किया जाएगा। साथ ही, यूसीएडीए कमांड-एंड-कंट्रोल रूम के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था और मौसम की स्थिति में उड़ानों की अनुमति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### अगले साल नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा भारत: शाह
विस्तृत खबर देश-प्रदेश पर



### इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### वायुसेना को जून के आखिर में तेजस एमके1ए मिलेगा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से मिलने वाले इंजन एफ404 आईएन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। एचएएल सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल के आखिर तक वायुसेना को 12 तेजस एमके 1ए विमान सौंप दिए जाएंगे।

### मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**साइप्रस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लार्नाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर श्री मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मैंने आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी।

### जी-7 में आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि आज, मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाऊंगा।

## मथुरा: खुदाई के दौरान गिरे छह मकान, 12 से ज्यादा जिंदा दबे, तीन की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में एक साथ 6 मकानों के भरभराकर गिरने का मामला सामने आया है। मलबे के नीचे दबने से 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए बताए जा रहे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अचानक मकानों के गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां बाड़े में (खुली भूमि) जेसीबी से खुदाई चल रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। यह मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र की है, यहां कच्ची सड़क पर बने 6 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। यह मकान कच्चे टीले पर बने हुए थे। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 12 बजे ये हादसा हुआ। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला

**■ चार लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया**

गया है। अभी भी 10-12 लोगों के दबे होने की खबर है। मलबे मे दबे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची हैं। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमी) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धंसी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। वहीं पुलिस लोगों से पूछताछ कर घटने की जांच में जुट गई है।

## अहमदाबाद प्लेन हादसा: विजय रूपाणी के शव ही हुई पहचान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है।

रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिये सिक्योरिटी के साथ -शेष पृष्ठ दो पर



**■ राजकोट में आज होगा पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार**
**■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त, 20 परिजन को सौंपे**

## यूपी-गुजरात में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं।

कोटा में आंधी-बारिश से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। वहीं, जयपुर के जमवारामगढ़ में आंधी के कारण बाइक सवार पर बिजली का पोल गिर गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में शनिवार देर शाम हुई बारिश के कारण सिद्धार्थनगर

**■ दिल्ली-एनसीआर में बारिश, 100 किमी प्रतिघंटा स्पीड से हवा चली**

और हमीरपुर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने रविवार को 18 जिलों में लू और 47 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान ने सीनियर की हत्या की

**मुर्शिदाबाद।** प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक कैंप में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने सीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे धुलियान में बीएसएफ कैंप में हुई। कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने सीनियर हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जवान बीएसएफ की एक यूनिट में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था।

## पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा
### स्थानीय विधायक का दावा: छह लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। इसमें 25-30 लोगों के बह जाने की आशंका है।

विधायक सुनील शेलके ने बताया कि अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30



**25-30 लोगों के बहने की आशंका**

किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायुसेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उड़ान भरी थी, लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

## पहलगाम हमले का खौफ बरकरार, 90% पर्यटकों ने मुंह मोड़ा

पहलगाम, वार्ता

**दक्षिण कश्मीर के** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं।

हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे



**■ घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ, 90 प्रतिशत होटल बुकिंग रद्द, बाजार सुनसान**

'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें। गुजरात से आए एक पर्यटक दल की सदस्य गीतिका कहती हैं कि मैं तीन साल पहले भी यहां आई थी, तब भीड़ उमड़ी रहती थी। आज ऐसा लग रहा है मानो यह वो पहलगाम ही नहीं है। होटल भी लगभग खाली हैं, रेस्टोरेंट बंद पड़े हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं लगा। लोगों को यहां आना चाहिए और कश्मीर के लोगों का साथ देना चाहिए।

## घबराए तुर्की ने पल्ला झाड़ा

**अहमदाबाद।** तुर्की ने रविवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में टर्किश टेक्निक कंपनी पर लगाए आरोप को नकार दिया।

तुर्की सरकार ने कहा कि कंपनी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का मेंटेनेंस नहीं करती है। तुर्की के डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत है कि हमारे देश की कंपनी ने क्रैश प्लेन का मेंटेनेंस किया था। भारत-तुर्की के संबंधों को खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। दरअसल 14 जून को बाबा

**■ कहा: अहमदाबाद हादसे में हमारी कंपनी का लेना-देना नहीं**

रामदेव ने कहा था कि मुझे ये पता चला है कि तुर्की की एक एजेंसी विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है। कहीं तुर्की ने तो इसके जरिये दुश्मनी तो नहीं निकाली। उधर विपक्ष भी इस हादसे पर साजिश की आशंका जता रहा है। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून की दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया था।

# उत्तर प्रदेश पुलिस सामाजिक विश्वास की प्रतीक : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को सामाजिक विश्वास का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जो अब बीते जमाने की बात हो चुका है।

यूपी पुलिस में 60 हजार 244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि महाकुंभ में पुलिस की भूमिका एक मिसाल थी। प्रयागराज आने वाले हर इंसान ने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। अगर हम वहां कर सकते हैं, तो हर जगह कर सकते हैं। पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। हमने संविधान प्रदत्त आरक्षण का पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया को मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। प्रदेश में भर्तियों में दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है। यूपी पुलिस में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल ने नए भारत के रूप में प्रत्एक भारतीय के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



■ 2017 से पहले यूपी में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार था: मुख्यमंत्री

### भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ

इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है। अब वह भी सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा में योगदान दे पाएगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्मार्ट पुलिसिंग' के सूत्र स्ट्रिक्ट एंड सेंसटिव, मॉर्डन एंड मोबाइल, अलर्ट एवं अकाउंटिबल, रिलायबल एंड रिस्पॉन्सिबल और टैक्नो सैवी एंड ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने इन सिद्धांतों को जमीनी हकीकत बना दिया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जब हमने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, तब केंद्री गृह मंत्री ने पैरामिलिट्री और मिलिट्री ट्रेनिंग संसाधन उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज

## पश्चिमी उप्र के कई जिलों में कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के मौसम में मामूली बदलाव हुआ है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में रविवार को कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई, वहीं राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी और अवध के कई जिलों में सुबह से तीखी धूप निकलने के बजाय हल्के बादल छाए रहे। सुबह से चलने वाली गर्म हवा का भी प्रकोप कम हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार हैं। तभी कुछ राहत की मिलेगी। इस बीच रविवार से अगले पांच दिन तक प्रदेश में लू नहीं चलने का अनुमान है। इससे भी तपिश से थोड़ा सुकून मिलने की उम्मीद है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में पुरवा हवाएं चलेंगी। इससे 15 जून से छिटपुट बूंदाबांदी का दौर शुरू होगा। फिर 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में भारी बारिश के आसार हैं। तराई इलाकों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पड़ रही उमस भरी गर्मी अगले 1-2 दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। रविवार से लू की स्थिति प्रदेश में कमजोर होगी। प्रदेश में शनिवार को प्रयागराज 45 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं बांदा में 44.8, कानपुर में 44.9, वाराणसी में 43, आगरा में 43.6, सुल्तानपुर में 42.6, लखनऊ में 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बहराइच, बरेली, झांसी और गोरखपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार पुरवा हवा के चलते बुंदेलखंड में शनिवार को तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली।



■ 17 से पूर्वी और 19 जून से वेस्ट यूपी में बारिश के आसार

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना मामलों में गिरावट, 10 और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नए संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमश: 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आयी, हालांकि केरल का कुल मामले सबसे ज्यादा 2007 है। सरकारी वेबसाइट के अनुसार पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुड्डुचेरी और त्रिपुरा में कोविड-19 नए मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। इस वायरस से दिल्ली में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें 57 वर्ष की एक महिला, 83 वर्षीय महिला और 57 वर्षीय पुरुष शामिल हैं।

### आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारूढ़ नेकां से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू- कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया है। उन्होंने विश्वास, जनता के कल्याण और समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मलिक ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं मेहराज मलिक, डोडा से विधायक सरकार गठबंधन में नेकां से अपना समर्थन वापस लेता हूं। उन्होंने आगे लिखा, यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत

प्रयागराज, वार्ता

उप्र में प्रयागराज के बारा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो नाबालिग बालिकाओं सहित एक ही परिवार के चार लोगों और एक अन्य की जलकर मृत्यु हो गई।

बारा तहसीलदार कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार यमुनागर के बारा तहसील क्षेत्र में सोनबरसा गांव निवासी वीरेंद्र वनवासी, पत्नी पार्वती और दो बेटियां राधा (3) एवं करिश्मा (2) कच्चे मकान में रहते थे। आंधी तूफान के बीच आकाशीय बिजली गिरने से छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई, तब तक एक ही परिवार के चारों सदस्यों की जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि मृतक वीरेंद्र के परिवार में माता-पिता और उसकी दो पुत्रियां सोन कुमारी (10) और आंचल (08) हैं। दोनों बच्चियां अपने दादा-दादी के साथ दूसरे मकान में रहती है। दैवीय आपदा के अन्तर्गत देय सहायता धनराशि उपलब्ध कराए जाने के लिए पुत्रियों का आधार कार्ड बनवाकर बैंक खाता खुलवाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उसी रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तहसील बारा निवासी अक्षय कुमार (30) की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

### अमेठी में भीषण सड़क हादसा, पांच मरे, एक घायल

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शव लेकर जा रही एक एंबुलेंस एक वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 59 के नजदीक आज तड़के यह हादसा उस समय हुआ, जब शव लेकर हरियाणा से बिहार जा रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री का दावा

# अगले साल नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिस. बल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया।



■ कहा- देश के 11 राज्यों में फैला हुआ नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है
■ भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए

### यूपी अब दंगामुक्त हो चुका है: अमित शाह

सीएम योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तन कारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया और कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा।

## अर्थ व्यापार

# भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, वार्ता

इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा।



बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआत में बाजार में तेजी रही, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है। स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 696.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 06 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 6 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 587.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें हुई महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1620 रुपए प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि मांग निकालने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 18 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.2 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 48-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य सभी खाद्य तेलों के भाव गिर गए। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1629 रुपए और वनस्पति तेल 1318 रुपए रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16666 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15604 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13773 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12666 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14433 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 और उड़द दाल 100 दाल रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600- 9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गौरीकुंड में...** द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीमें और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे जहां तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं। श्री रजवार ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित छह वयस्क और एक बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (66), तृष्टि सिंह बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (19), राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41), श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35), काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (2) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम तथा डीएनए सैंपलिंग टीम भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। श्री रजवार ने बताया कि प्रभावितों के परिवार के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इसके लिए राज्य आपातकालीन प्रचालन केन्द्र 0135-2710334, 9058441404 1070 (टोल फ्री) तथा रुद्रप्रयाग हेल्पलाइन नम्बर- 8958757335, 01364-233727 जारी किए गए हैं।

**अहमदाबाद प्लेन हादसा...** शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन रविवार को अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक अलग टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और एक पेशेवर काउंसलर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई171 उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से 230 यात्री एवं 12 चालक दल के सदस्य थे। इस हादसे में मात्र एक व्यक्ति ही जीवित बचा है।


**पुणे में...** समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। इससे पहले गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन बाकी लोग बच नहीं सके थे।

# कार्यस्थल में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा

नई दिल्ली, वार्ता

असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा के मुद्दे को लेकर रविवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई इस परिचर्चा में महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

परिचर्चा का आयोजन महिला अधिकारों से जुड़े स्वयंसेवी संगठन 'पारदर्शिता' ने किया गया। परिचर्चा में मुख्य तौर पर घरों में काम करने वाली महिलाओं को अधिकारों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) कानून, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। परिचर्चा में कहा गया कि सुरक्षित कार्यस्थल प्रत्एक कामकाजी महिला का मौलिक अधिकार है और सरकार को इस संबंध मे ठोस पहल करनी चाहिए। कानून के तहत सभी जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस दौरान महिला अधिकारों और सुरक्षा पर दिल्ली में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया। परिचर्चा में निर्माण मजदूर अधिकार अभियान के थानेश्वर दयाल आदिगौड़, घरेलू कामकाजी महिला संगठन की रेखा सिंह, बाल विकास धारा के विकास पाठक और दिल्ली वेस्ट वर्कर्स फेडरेशन के शंभुनाथ ने भाग लिया। इसके बाद बाल विकास धारा ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़ा बीनने वाले लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इसमें कूड़ा बीनने वाले लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। इन लोगों को 'सम्मानित मजदूर, सुरक्षित भविष्य' अभियान के अंतर्गत नमस्ते योजन, ई- श्रम पंजीकरण, आभा कार्ड जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



■ महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 2047 तक विकसित भारत का संकल्प होगा पूराः नरेंद्र गौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प पूरा होगा। देश की जनता समझ चुकी है।

श्री मोदी ही बिना रुके और बिना थके देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में सक्षम है। प्रयागराज महानगर के सिविल लाइन कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा के कार्यक्रम में केंद्र सरकार की 11 वर्षो की उपलब्धियों पर बोलते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा होगा। पिछले 11 वर्षो के कार्यकाल में भारत ने सफलता और विकास के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत के विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है और देश तरक्की के रास्ते पर है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक भारत ने आर्थिक मोर्चे पर छलांग लगाई है। आर्थिक मोर्चे पर आज हम जापान से आगे निकल रहे हैं। चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा, इंफास्ट्रक्चर आदि सभी क्षेत्रों में मोदी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। भाजपा का संकल्प है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

किसानों के हित में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा हमेंभ्रष्टाचार मुक्त समतामूलक समरस समाज के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को लेकर सरकार की

## पीएम के नेतृत्व में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है देशः अरूण कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण कुमार सिंह मां शीतला देवी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर नरेंद्र मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व देश निरंतर प्रगति कर रहा है।

विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की और देश अग्रसर है। जापान को हमने पीछे छोड़ दिया है। देश में विस्तृत एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार किया गया। जम्मू में चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा पुल का निर्माण और विश्व की सबसे बड़ी अटल टनल का निर्माण महत्वपूर्ण उपलब्धियां में शमिल है। उन्होंने बताया कि सरकार ने डीबीटी के माध्यम से पीएम सम्मान निधि और अन्य पेंशन को सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजना शुरू किया। देश में 16 000 जन औषधि केदों के माध्यम से सस्ती दवाइयां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं, 136 वंदेमातरम् ट्रेन चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 11 वर्षो में एयरपोर्ट की संख्या 74से बढ़कर 160 हो गई है। सस्ती इंटरनेट सेवाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य साधा जा रहा है। देश की सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भारत ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

उपलब्धियों को जनता तक पूरी ऊर्जा के साथ पहुंचाने का आ]वान किया।इस दौरान संकल्प सभा में उपस्थित लोगों ने पार्टी द्वारा दिए गए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, कुंजबिहारी मिश्रा, डॉ एल एस ओझा, अजय आनंद, डॉ शैलेश पांडेय, अरुण पटेल, राजेश केसरवानी समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उ.प्र में ऐतिहासिक स्थल भी होंगे योगमय

## गोरखधाम, त्रिवेणी संगम और काशी में होगा भव्य योगाभ्यास, सभी जिलों में शुरू हुआ योग सप्ताह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक शारीरिक व्यायाम भर नहीं, बल्कि एक सांस्ख्र तिक-आध्यात्मिक पर्व बनकर सामने आ रहा है।

योग को जन-जन से जोड़ने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रदेशभर में पंद्रह जून से योग सप्ताह की शुरुआत कर दी गई है, जो इक्कीस जून तक चलेगा। इस दौरान न केवल राजभवन, स्कूल और कार्यालयों में कार्यक्रम होंगे, बल्कि गोरखधाम मंदिर, त्रिवेणी संगम, नैमिषारण्य चक्रतीर्थ, काशी विश्वनाथ धाम और मथुरा के प्रेम मंदिर जैसे ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह की शुरुआत होते ही जिलों में विविध आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है। स्कूलों-कॉलेजों से लेकर जेलों, अनाथालयों और झुग्गी बस्तियों तक योग की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। 'योग से सहयोग' अभियान के तहत विशेष वर्गों ख्र दिव्यांग, कैदी, वृद्धजन, महिलाओं और बच्चों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

इक्कीस जून को राज्यपाल निवास, रेजीडेंसी परिसर और सभी जिलों के मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास के भव्य आयोजन होंगे,

जिनमें अधिकारियों से लेकर आमजन तक की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रमुख सचिवों से लेकर ग्राम सचिवालयों तक, हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की गई है ताकि कार्यक्रम जनान्दोलन का रूप ले सके।

# पुलिस ने पकड़ा 90 लाख का गांजा, दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के मोंठ थाना पुलिस और एसटीएफ प्रयागराज की टीम ने एक मिनी ट्रक में मछलियों के दाने के बीच छुपाकर ले जाया जा रहा दो कुंतल 30 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद किये गये गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 90 लाख रूपये बतायी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने गांजे की इस बड़ी खेप के पकड़े जाने के संबंध में मीडियाकर्मियों को बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि झांसी- कानपुर हाईवे पर डीसीएम ट्रक में गांजा छुपाकर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर मोंठ थानाक्षेत्र में पुलिस ने वाहनों की चेलकग शुरू की।

चेलकग के दौरान हरियाणा नंबर के एक डीसीएम ट्रक से अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने दो तस्करों राहुल कुमार (36) निवासी जनपद बिजनौर और जयप्रकाश पासवान (35) निवासी जनपद दरभंगा बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से डीसीएम ट्रक और उसमें छुपाकर ले जाया जा रहा दो कुंतल 30 किलो 400ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

मछली के दाने के बीच छिपाकर अवैध गांजे को रखा गया था जिसे पुलिस ने तलाशी के दौरान बरामद कर लिया। दोनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है। अभी तक की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि उनके दो साथियों यूसुफ अंसारी निवासी जिला बरेली और पवन पाण्डेय निवासी जिला प्रतापगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ से डीसीएम में छिपाकर यह गांजा तस्करी के लिए भिजवाया गया था। पुलिस इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास कर रही है।

# बोलेरो और ट्रक की टक्कर में 6 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में कमालगंज थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर में छह पुलिस पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। यह जानकारी आज रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार बदायूं जिले के पुलिस अभ्यर्थी बसों द्वारा अपने-अपने नियुक्त पत्र लेने के लिए लखनऊ जा रहे थे। इनके सहयोग के लिए एक पुलिस बोलेरो में 6 पुलिस कर्मी चल रहे थे। यह बोलोरो आज रविवार तड़के फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र में कमालग. ंज- रजीपुर मार्ग पर जा रही थी । इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई ,जिससे बोलोरो पूरी तरह हो गई और इसमें सवार बदायूं जिले के सी आर के सी बाबू महेश उर्फ मयंक तिवारी, वावी, सोनू, प्रदीप चौधरी, जितेंद्र सिरोही तथा परलवदर मलिक 6 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जौनपुर में इस सत्र से चलेंगी केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएंः गिरीश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने कहा है कि जिले के लिए बड़ी खुशखबरी है, वर्षों से प्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय इस वर्ष से जौनपुर में कार्य करना शुरू कर देगा। शुरुआत में कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी,

फिलहाल ये कक्षाएं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के परिसर में बने भवन में संचालित होंगी। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सिपाह स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया यह विद्यालय मेरे लंबे प्रयासों का परिणाम है। जिले में केंद्रीय विद्यालय की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करना मेरे लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट करता हूं, जिनके सहयोग से यह सपना साकार हो सका। उन्होंने बताया कि विद्यालय के लिए लप्रसिपल की नियुक्ति हो चुकी है और प्रवेश प्रक्रिया की तैयारी भी अंतिम चरण में है। एक-दो दिन में प्रवेश से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित कर दिया जाएगा। 25 जून से 15 जुलाई तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे। प्रत्येक कक्षा में 40-40 सीटें निर्धारित की गई हैं। विद्यालय के स्थायी भवन को लेकर उन्होंने बताया कि आईटीआई कॉलेज सिद्दीकीपुर करंजाकला के पास लगभग 5 एकड़ भूमि अधिगृहित की जा चुकी है। निर्माण कार्य की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष उत्तरी सारिका सोनी, दक्षिणी अध्यक्ष डॉ कमलेश निषाद और मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव समेत पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जनपद के शिक्षा क्षेत्र में यह ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

# ऐलिया विकासखंड में हुआ भाजपा का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर ऐलिया ब्लाक में अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषयक आधारित संकल्प सभा आयोजित की गई।

इस संकल्प सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया । जिला प्रभारी नीरज सिंह ने 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा राष्ट्र की सेवा व योजनाओं एवं




अमृतकाल में ,सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह वर्ष।

क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे हो गए हैं और हम विकसित भारत की तरफ बढ़ते हुए हर्ष के साथ कह सकते हैं कि आज भारत आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति के साथ उपस्थित है । आज आतंकवाद की कमर टूट चुकी है धर्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है एवं देश के बच्चे बच्चे के साथ विकास को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने इस तमाम कामों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र भी पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक नैमिष रत्न रतन तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह मंडल के अध्यक्ष जय प्रकाश त्रिपाठी सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में बुजुर्ग की मौत

**संत कबीर नगर।** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में थाना मेहदावल अंतर्गत दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दिन में लगभग 11:30 मेहदावल थाना अंतर्गत ग्राम सिकतौर माफी एवं अमरडोभा के लोगों के बीच में आम के बगीचों को लेकर दोनों पक्षों में हुई। मारपीट में 75 वर्षीय संतबली यादव पुत्र सूरज यादव की मृत्यु हो गई है जब कि भगवान दास और दुर्गेश यादव को चोटे आई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर विधि कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# लूट के माल के साथ दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** थाना हरगांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर हरगांव थाना क्षेत्र के कल्लापुर मोड़ के निकट नाकेबंदी की। यहां पर पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीगंज निवासी आशीष कुमार पुत्र स्वर्गीय गंगाराम व शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मिर्दही टोला निवासी रोि. हत गिहार पुत्र अवधेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हीं दोनों ने करीब एक माह पूर्व इन्हीं दोनों ने गदनापुर गांव के निकट एक पिकअप को रोक कर ड्राइवर से नगदी और मोबाइल लूटा था। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट गया मोबाइल फोन और 1600 रुपये, एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# लखनऊ में अंतरजातीय विवाह के एक वर्ष बाद नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। यह घटना मात्र एक पारिवा. रिक विवाद नहीं, बल्कि हमारे समाज में व्याप्त जातीय -सांस्कृतिक अंतर को समझने और उस पर मंथन करने की ज़रूरत की ओर इशारा करती है। बीते वर्ष मार्च दो हज़ार चौबीस में खुशी मिश्रा ने प्रेम विवाह किया था। यह विवाह जातीय सीमाओं को लांघकर हुआ। खुशी ब्राह्मण समाज से थीं और उनके पति चौहान ठाकुर जाति से। विवाह के बाद वह चौहान परिवार में रह रही थीं। शुरुआती उत्साह के बाद का यह एक वर्ष उनके लिए मानसिक और सांस्कृतिक संघर्षों से भरा रहा होगा, यह अब उनके इस दुखद निर्णय से अनुमान लगाया जा रहा है।

घटना के वक्त घर में अखंड रामायण का पाठ चल रहा था। धार्मिक माहौल और पारिवारिक सद्भाव का प्रतीक माने जाने वाले ऐसे अनुष्ठान के बीच यह घटना एक विडंबना बनकर सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आत्महत्या से पहले उनका ससुराल पक्ष से किसी बात पर विवाद हुआ था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह अंद. ेशा जताया जा रहा है कि सांस्कृतिक असमानता और पारिवारिक तनाव इस दुखद परिणति के मुख्य कारण हो सकते हैं। खुशी मिश्रा की आत्महत्या एक गंभीर सामाजिक प्रश्न छोड़ जाती है, क्या हमारा समाज अब भी अंतरजातीय विवाह को सहज स्वीकार नहीं कर पा रहा? क्या केवल प्रेम पर्याप्त है, जब तक समाज और परिवार की मानसिकता नहीं बदलती? यह मामला फिलहाल जांच के अधीन है, लेकिन एक बात स्पष्ट है, समाज को अब प्रेम और विवाह के प्रश्नों को केवल व्यक्तिगत नहीं, सामा. जिक समरसता के संदर्भ में भी देखने की ज़रूरत है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाइयों सहित तीन बच्चों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में चंदवक थाना क्षेत्र के काशीदासपुर गांव में रविवार को अपरान्ह आकाशीय बिजली गिरने से बगीचे में आम बीन रहे दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में रविवार को अपरान्ह तेज हवाओं के साथ आंधी आई और आकाश में बादल छाने से हल्की बूदाबांदी होने लगी, इसी दौरान जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के काशीदासपुर गांव में बगीचे में आम बीन रहे अंश (10) व आशु (12) पुत्रगण राहुल यादव और आयुष (12) पुत्र अनिल कुमार यादव आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

# चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले का आशादेव मेमोरियल सर्जिकल एंड मैटरनिटी हॉस्पिटल मरीजों के लिए काल का पर्याय बन चुका है। आए दिन इस अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है।

कई मरीजों की मौत के बावजूद अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला 15 जून का है, जब एक महिला मरीज की लापरवाही के चलते मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मृतक महिला गीता के पति इंद्र कुमार मिश्रा, निवासी अशोकपुर बजरिया, थाना कटरा बाजार, ने बताया कि 3 जून को उन्होंने अपनी पत्नी को बच्चेदानी की समस्या के लिए आशादेव हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉ. देवेंद्र मोहन शुक्ला ने ऑपरेशन की सलाह दी और उसी दिन ऑपरेशन किया गया।

लेकिन पांच दिन बाद भी गीता की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने डॉक्टर को सूचित किया, तो उन्होंने दोबारा ऑपरेशन की सलाह दी और कहा कि 4-5 टांके खोलकर समस्या का पता लगाया जाएगा। हालांकि, ऑपरेशन थिएटर में मरीज के पेट के 27-28 टांके खोले गए और दोबारा ऑपरेशन किया गया। इंद्र ने आरोप लगाया कि इस दौरान डॉक्टर और स्टाफ ने लापरवाही बरती और उनसे पैसे की मांग की गई। इसके बावजूद गीता की हालत बिगड़ती गई और 15 जून की सुबह उनकी मौत हो गई। इंद्र ने नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर डॉक्टरों की लापरवाही और दो बार ऑपरेशन के कारण पत्नी की मौत का आरोप लगाया है। यह कोई नई घटना नहीं है। एक साल पहले बाबागंज श्रीनगर निवासी पत्रकार दिलीप गुप्ता के बेटे के साथ भी अस्पताल में गंभीर लाप. रवाही हुई थी। समय रहते दिलीप ने अपने बेटे को लखनऊ ले जाकर कई महीनों तक इलाज कराया, जिससे उसकी जान बच पाई। स्थानीय लोग बताते हैं कि आशादेव हॉस्पिटल में ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। कई मरीजों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की उदासीनता के कारण अस्पताल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आशादेव हॉस्पिटल की लाप. रवाही और मरीजों की मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों और मृतक के परि. जनों ने मांग की है कि दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग से इस अस्पताल की मान्यता रद्द करने की मांग उठ रही है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि कब तक ऐसी लापरवाही मरीजों की जान लेती रहेगी? प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस श्मौत के सौदागरश पर लगाम लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# पर्यावरण अनुकूल मिट्टी के घड़े का पानी

**प्रयागराज।** आधुनिक तकनीक से बने फ्जि से बाजार भले पटे पड़े हैं, बावजूद घड़ा अथवा मटका अपनी उपयोगिता को हर स्तर पर महत्वपूर्ण साबित करता है।

इसका शीतल जल प्राकृतिक खनिजों से भरपूर होता है क्योंकि मिट्टी से पानी में हल्के खनिज तत्व मिलते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक और पर्यावरण अनुकूल है। ाड़ा प्राकृतिक तरीके से पानी को ठंडा करता है। गर्मी में मटके का पानी जितना शीतल और सुक. ूनदायक लगता है, स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही लाभदायक होता है। इसमें रोगों से लड़ने की क्षमता होती ही है, साथ ही कुछ बीमारियां भी दूर होती हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही चाक पर हुनरमंद हाथों से तराशे गए। मिट्टी के घड़े और सुराही गरीबों के फ्जिह बन गए हैं। प्रयागराज में नैनी स्थित आरोग्य आश्रम एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के आयुर्वेदाचार्य डाक्टर नरेंद्र नाथ केसरवानी ने बताया कि आज जब बाजार आधुनिक तकनीक से बने फ्जि से भरे पड़े हैं, तब भी मटका अपनी उपयोगिता और महत्व को साबित करता है। यह प्राकृतिक तरीके से पानी को ठंडा करता है। गर्मी में मटके का पानी जितना ठंडा और सुकूनदायक होता है, स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही लाभदयक होता है। इसके पानी में रोगों से लड़ने की क्षमता के साथ ही कुछ बीमारियां भी दूर होती हैं। डा केसरवानी ने बताया कि यह पानी कई खनिजों जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम और आयरन से भरपूर होता है, जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। घडे का 'अल्कलाइन पानी[ जिसका पीएच सात से अधिक होता है और क्षारीय गुणों से भरपूर होता है, पीने से एसिड रिफ्लक्स से राहत मिलती है। यह पानी शरीर के एसिड-बेस बैलेंस को बनाए रखने में मदद कर सकता है, जिससे एसिडिटी की समस्या कम हो सकती ह उन्होंने बताया कि घड़े का पानी गले को तरावट तो पहुंचाता ही है साथ ही यह पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है। गैस्ट्रिक और एसिडिटी की शिकायत दूर होती है और शरीर में टेस्टोस्टेरॉन का स्तर भी बढ़ता है। यह पाचन तंत्र को बेहतर रखने, शरीर को हाइड्रेट करने और त्वचा के लिए लाभादायक होता है। फ्जि के पानी में क्लोरीन और अन्य रसायन हो सकते हैं जबकि घडे का पानी इनसे मुक्त होता है। यह गले के संक्रमण, जुकाम जैसी समस्याओं से भी बचाव करता है, जो बहुत ठंडे पानी से हो सकती हैं। गांवों से लेकर शहरों तक मटका हर घर में गर्मी का एक सस्ता, टिकाऊ और स्वास्थ्यवर्धक समाधान है। डा. केसरवानी ने बताया कि मटके की मिट्टी में छोटे-छोटे छिद्र होते हैं। जब हम घड़ा भरते हैं, तो मटका धीरे-धीरे पानी को बाहर की ओर हवा की तरफ छोड़ता है। इस प्रक्रिया को वाष्पीकरण (इवेपा. ेरेशन) कहते हैं। जब पानी बाहर की हवा में वाष्प बनता है, तो यह पानी की ऊर्जा को ग्रहण करता है और उसके साथ पानी का तापमान कम हो जाता है, जिससे मटका का पानी ठंडा रहता है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दंपति सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद के थाना मक्खनपुर पुलिस ने पीडित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और शिक्षा विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह में शामिल एक दंपती तथा एक अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुन विसेन ने संबंधित मामले में जानक. ारी देते हुए बताया है कि विगत 13 जून को थाना मक्खनपुर में गांव अरमराजट निवासी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई राकेश कुमार द्वारा की थाना औरैया क्षेत्र निवासी गंगादत्त और उसकी पत्नी नीलम तथा अन्य लोगों द्वारा उनके माध्यम से पुलिस और शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाई जाने के नाम पर 24 लोगों से मोटी रकम ठगी गई थी।

गिरोह पर करीब डेढ करोड रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर वसूल किए जाने का आरोप है। बताया गया है यह लोग एक ग्रुप बनाकर अखबारों में फर्जी विज्ञापन छाप कर पुलिस और शिक्षकों की नौकरी दिलाने का लालच देकर बेरोजगार लोगों से मोटी रकम वसूलते हैं और फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिये गये।जब नियुक्त पत्र देने के बाद ट्रेनिंग और जॉइनिंग की बात आई, तब उनके फर्जीवाडे का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए जनपद औरैया के थाना ऐरवा कटरा निवासी गंगा दत्त और उनकी पत्नी नीलम तथा एक अन्य युवक विजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया ।पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई जारी है उनके गिरोह के अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार लोग शातिर किस्म के अपराधी है । पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि इन सभी को वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा और गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवकों की गुंडागर्दी से परेशान लोगों ने दी पलायन की धमकी

## कांशीराम कालोनी के लोगों ने दरवाजों पर स्टीकर लगाए, पुलिस ने दिया जांच का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवकों की गुंडई से परेशान काशीराम कॉलोनी के बाशिंदों ने दरवाजों पर स्टीकर लगाकर पलायन करने की धमकी दी है। हिंदू संगठनों एवं पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

काशीराम आवासीय कॉलोनी में रह रहे निवासी गोपाल पुत्र गंगासरन, सपना पत्नी प्रदीप,गीता पत्नी रामपाल,सुनील पुत्र रूप किशोर, फूलवती पत्नी गंगासरन,सोनू पुत्र गंगासरन,सुनीता पत्नी रामबाबू, होराम एवं मोनू ने अपने घरों के आगे दूसरे समुदाये के युवकों के उत्पीड़न से पलायन को मजबूर के स्टीकर लगा दिये है। जिससे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहि. हत अग्रवाल बजरंग दल, संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, मंत्री अमित शर्मा के साथ मौके पर



पहुंच गये। सूचना पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले में जांच पड़ताल की। वही,पीड़ित गोपाल ने बताया कि 14 मई को इसी कॉलोनी के रहने वाले कुछ दबंग दूसरे समुदाये के युवकों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की थी। जिसमें पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस भी कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। आरोपी आये दिन उनके परिवार के साथ मारपीट करते हैं और धमकाते रहते हैं। जिससे करीब 10 परिवार पलायन करने को मजबूर है। पीड़ित का कहना है कि दबंगों के जुल्म से तो अच्छा है हम यहां से पलायन कर ले। वही इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि अगर जल्द से जल्द प्रशासन आरोपियों पर कठोर कार्यवाही नहीं करेगा तो विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल आंदोलन करने को विवश होगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कॉलोनी में मारपीट हुई थी। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मारपीट एवं एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अनावश्यक दबाव बनाने के लिए यह कृत्य किया जा रहा है।

### पति के परिजनों पर लगाया दूसरी शादी कराने का आरोप

# कोर्ट मैरिज करने वाली युवती का हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कोर्ट मैरिज करने वाली युवती ने युवक के परिजनों पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया। जबकि परिजनों का कहना है कि कोर्ट मैरिज के बाद उन्होंने बेटे से संबंध खत्म कर लिये तथा कोई वास्ता नहीं है। फिलहाल पुलिस ने महिला को उसके मायके देवरिया भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

■ **पुलिस ने युवती को समझाकर मायके भेजा**

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाला युवक मुबंई की एक कंपनी में काम करता था। वहां पर देवरिया की रहने वाली एक युवती भी उसके साथ में नौकरी करती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। जनवरी 2023 में दोनों ने अमरोहा आकर कोर्ट मैरिज कर ली। मर्जी के खिलाफ जाकर शादी करने पर युवक के परिजनों ने बेटे से संबंध विच्छेद कर लिए थे। इसके बाद पति-पत्नी नौकरी के लिए दुबई चले गए थे। शनिवार रात विवाहिता पति को दुबई में छोड़ कर अचानक ससुराल पहुंच गई। उसने ससुराल वालों पर पति की दूसरी शादी कराने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। कहा कि पति की दूसरी शादी हरगिज नहीं होने दूंगी और अब मैं यहीं ससुराल में ही रहूंगी। वहीं, ससुराल वालों का कहना है कि जब से बेटे से कोर्ट मैरिज की है, उससे कोई संबंध नहीं है। वह कानूनी रूप से संबंध विच्छेद कर चुके हैं। विवाद की सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची। घर के बाहर खड़े होकर हंगामा कर रही विवाहिता को समझा कर पुलिस अपने साथ ले आई। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन ने फिलहाल महिला को समझा कर उसे देवरिया स्थित मायके भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ नागरिकों को दी अधिकारों की जानकारी

## वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विश्व वृद्ध दिवस पर रविवार को वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्राधिकरण की सचिव ज्योति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा समाज की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक संरक्षण और कल्याण अधिनियम 2007 सहित अन्य महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी भी साझा की। महेश सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें शोषण व उपेक्षा से बचाना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। लोकमान सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सेवाओं और जन-जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। इस दौरान प्रथम सिंह, प्रीति, वसीम, सितीन कुमार, रीतिक चौधरी व जयदेव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय लोकदल, द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुआत सुपर मार्केट स्थित रालोद कार्यालय की गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक एवं युवाओं ने भाग लिया।

■ **अनेकों लोगों ने की सदस्यता ग्रहण**

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल



संगठन विस्तार नहीं, बल्कि आमजन को रालोद की नीति, विचार और संघर्ष से जोड़ने का प्रयास है। अभियान की शुरुआत के साथ ही पर अनेक लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, युवा जिलाध्यक्ष इरकान अली, सुमित शिवाच, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंदर्भ, मयंक चड्ढा, आलम अंसारी, प्रदीप देओल, धीरज अग्रवाल, रामकुंवर सिंह, रामवीर सिंह, मास्टर महेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, मित्रपाल सिंह, अजित सिंह, नरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# युवकों ने एसएसओ को जमकर पीटा

## जेई ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बिजली घर पर तैनात एसएसओ के साथ बीती रात कुछ युवकों द्वारा विद्युत आपूर्ति को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट कर दी गई। पीड़ित एसएसओ विद्युत अधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचा और विद्युत विभाग के जेई ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

नगर के गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर ग्राम बिहारीपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र थान सिंह एसएसओ उसके पद पर कार्य करता है। शनिवार की रात्रि लगभग 10.20 बजे वह ड्यूटी कर रहा था। तभी नगर निवासी कुछ लोग बिजली घर पर पहुंचे और एसएसओ के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान दबंगों द्वारा बिजली घर में शटडाउन के समय जबरदस्ती मशीन चालू करने लगे। और कार्यालय में लगी मशीनों एवं पंखो तोड़फोड़ करने लगे। और सरकारी दस्तावेजों को भी फाड़ दिया और धमकी देते हुए वहां से चले गये। पूरी घटना की सूचना एसएसओ ने अपने अधिकारियों को दी। रविवार की सुबह अवर अभियंता अजय कुमार के साथ कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। अवर अभियंता अजय कुमार द्वारा दो नाम दर्ज एवं 12 अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा तहरीर दी गई है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# मोदी के नेतृत्व में बढ़ी भारत की साख

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के ब्लॉक सभागार में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'विक. सित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम

■ **भाजपा की 'विकसित भारत संकल्प सभा' आयोजित**

आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में माटी कला बोर्ड निवर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला व पूर्व चेयरमैन हसनपुर राकेश बंसल उर्फ कालू ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा



रही लाभकारी योजनाओं से रूबरू कराया। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने संकल्प पत्र के साथ सबको शपथ दिलाई, इसके उपरांत अहमदाबाद हुए हवाई हादसे में हुए मृतकों की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन जाटव, कार्यक्रम संयोजक उधम सिंह सिरोही, अंकुर नागर, चौ.तेजपाल सिंह, महिपाल चौधरी, मास्टर राजेंद्र सिंह, अंकुश पाल, सत्यपाल पाल, डॉ.उत्तम प्रजा. पति, ओमकार सैनी, सौरभ जैन, नन्हे उपाध्याय, जसवंत चौहान, नरेश चौधरी, सुरेश प्रजापति, जो. गिंदर प्रजापति, पिंटू भाटी, हरेंद्र त्यागी, दिनेश अग्रवाल, पवन चौधरी, रामभरत सैनी, अंजू जाटव, स्नेह लता, भाग्यवती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैन समाज का संगठन की मजबूती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान करने पर मंथन किया गया।रविवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में ट्रस्ट की मजबूती तथा अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय संस्थापक एमएस ठाकुर ने कहा कि जिस परिवार तथा संस्था में परिवार के सदस्य अनुशासन में नहीं रहते वो परिवार अथवा संस्था का विकास रुकने की संभावना ज्यादा रहती है, इसलिए सभी को अनुशासन का पालन करते हुए ट्रस्ट के विकास में सहयोग करते हुए अपना तथा अपने परिवार के साथ साथ समाज तथा राष्ट्र के विकास में योगदान देने का प्रयास करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम सैन, ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक राजेंद्र कुमार सैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधारीलाल सैन, ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव एड. मनमोहन सिंह सेन, आरपी छानीवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में दिलीप येशी, राजकुमार गवली,देवी प्रकाश, डॉ.श्री ओम, घनश्याम ठाकुर, करनदीप, जयप्रकाश सोनखिया, सुन्दर सिंह सैन, रविन्द्र बोरनारे आदि मौजूद रहे।

# योग से सभी बीमारियों का इलाज संभव



## तिगरी में योग शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में योग द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। प्राचीन काल में भी योग का विशेष महत्व बताया गया है। बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज इसी से संभव है।

तिगरी में 15 से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह का शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स, विधायक राजीव तरारा, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। डीएम ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग बेहद आवश्यक है। इसके माध्यम से मस्तिष्क को शांति मिलती है तथा तनाव दूर होता है। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि आज मनुष्य में तरह तरह की बीमारियां जन्म ले रही हैं। इसका कारण है कि वह अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे रहा। हमें प्रतिदिन समय निकालकर योग करना चाहिए ताकि शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहे। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# इन्वर्टर का करंट लगने से युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। इन्वर्टर का तार जोड़ते समय लगे करंट से युवक की मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मानकजूड़ी की है। यहां पर किसान चरन सिंह का परिवार रहता है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम उनका करीब 25 वर्षीय बेटा विक्की घर में लगे इन्वर्टर से पंखे के तार जोड़ रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया और तार उसके हाथ से चिपक गया। बाद में तेज झटके के साथ दूर जाकर गिरा विक्की करंट से बुरी तरह झुलस गया। बेहोशी की हालत में परिजन उसे लेकर शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां नब्ज देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। लिहाजा, रोते-बिलखते परिजन विक्की को मृत समझ कर घर लेकर आ गए। रिश्तेदारों को मौत की सूचना देते हुए अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दीं लेकिन इसी बीच विक्की को हिचकी आई और फिर से उसकी धड़कन चलने लगी। जिंदा होने की उम्मीद बंधने पर परिजन दोबारा से उसे लेकर दूसरे अस्पताल दौड़े लेकिन तमाम प्रयास के बाद भी विक्की की जान नहीं बचाई जा सकी। चिकित्सक ने फिर से उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया

# दाउद मियां के कुल में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

## मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के उर्स में रात्रि 12:05 बजे पर कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की।

दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० पर हर साल लगने वाले 10 दिवसीय उर्स में बीती रात कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें उल्मा ए किराम ने वलियों की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि औलिया, अल्लाह के दोस्त होते हैं। औलिया अल्लाह की दरगाहें एकता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में महत्व भूमिका निभाती हैं। दरगाहों पर हर धर्म और जाति का व्यक्ति पूरे आदर और सम्मान के साथ आता है और अपने मन की मुरादें पता है। कुल शरीफ के बाद मुल्क के मशहूर कव्वाल डॉ० फहीम वारसी एवं आफताब वारसी ने कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया। उर्स में दिन के समय विशाल दंगल आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष पति चौधरी इक्तेदार




हुसैन उर्फ बुद्धन भैया एवं भाजपा नेता दीपक अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कमेटी की ओर से उर्स में आने वाले जायरीनों के लिए लंगर की उचित व्यवस्था की गई है। 16 जून सोमवार की रात्रि को ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुल्क के नामचीन शायर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मो० ताहिर उर्फ हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, देवकी पाल, फहीमुद्दीन महल, चौधरी अदनान महल, मो० आदिल, मौ० आमिर, तबरेज आलम, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में किसानों और व्यापारियों का शोषण: ओंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया,

■ **बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित**

जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रो0 ओंकार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार बेरोजगार, किसानों व व्यापारियों का शोषण कर रही है और छात्र-छात्राओं की



छात्रवृत्ति व फीस प्रति पूर्ति बंद कर रही है, जिससे जनता में रोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह ने कहा कि आने वाला समय बसपा का है। 2027 में सुश्री मायावती के नेतृत्व में बसपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी देवेंद्र पाल सिंह, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा , जिला उपाध्यक्ष मुमताज मलिक, विधानसभा प्रभारी व जिला पंचायत सदस्य मनीराम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष भीम सिंह गौतम, विधानसभा प्रभारी कमल सिंह, प्रीतम सिंह, सुन्दर सिंह,रो. हताश कुमार एडवोकेट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन के करंट से आठ वर्षीय बालक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। छत के पास से गुज रही हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर एक आठ वर्षीय बालक झुलस गया, परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से बेहतर उपचार के लिये जिला अस्पताल के लिये रेफर किया गया। घटना से परिजन काफी उदास और परेशान हैं। थाना क्षेत्र के गांव शकूराबाद में में इश्तियाक अहमद का परिवार रहता है। रविवार सुबह करीब 11:00 उसका बेटा रियाज आलम (8) अपने घर की छत पर खेल रहा था। छत के बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गया। परिवार के लोग उसे तुरंत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेंद्र सिंह ने उसे गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली 'जय हिन्द' यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ

■ **कांग्रेस पार्टी लड़ रही है संविधान बचाने की लड़ाई**

सम्मेलन के बाद नगर के इंदिरा चौक तक जय हिंद यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ चौपला स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। हसनपुर रोड स्थित आसिम पैलेस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार संविधान को बदलना चाहती है। मोदी सरकार अपने हिसाब से अपना संविधान बनाना चाहती हैं, जब से भाजपा देश की सत्ता पर काबिज हुई है। आरएसएस और बीजेपी तभी से




संविधान को बदलने की योजना बना रहे हैं, देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी देश में सामाजिक न्याय और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हीं के संघर्षों का परिणाम है कि मोदी सरकार संविधान से छेड़छाड़ नहीं कर पा रही है, कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी भारत की सेना के साथ मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर राजकुमार अरुण, तारिक मोहम्मद खान, आसिम हुसैन साबरी, हाजी खुर्शीद अनवर अली इमाम रिजवी, ताहिर वसीम, विनोद कुमार सक्सेना, सचिन चौहान, ओमप्रकाश पंवार, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, जयपाल सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुआ बड़ा सड़क हादसा






## एम्बुलेंस में सवार पांच लोगों की मौत, एक घायल को जिला अस्पताल किया गया रेफर

### घटनास्थल से कुछ दूरी पर थानाध्यक्ष बाजार शुकुल अभिनेष कुमार मौजूद रहे , जिससे पुलिस की मदद व यूपीडा की एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल में मृतकों व घायलों को पहुंचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर यह सड़क हादसा प्रात: लगभग 5:30 बजे हुआ। बता दें राजकुमार अपने पिता अशोक कुमार पुत्र मंगलू की मृत शरीर को हरियाणा से एम्बुलेंस द्वारा अपने घर समस्तीपुर बिहार ले जा रहा था। साथ में विवेक शर्मा पुत्र बलराम शर्मा,फूलो पुत्र राम प्रसाद,तथा शम्भू राय पुत्र जागेश्वर राय निवासी समस्तीपुर बिहार भी डेड बॉडी के साथ ही थे। जैसे ही एम्बुलेंस ति 74इ 2657थाना परिक्षेत्र बाजार शुकुल के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 59श7 किमी0पर पहुंची कि आगे मछलियों से लदी जा रही पिक अप नच71 इज3975में पीछे टक्कर मार दिया।

जिससे एम्बुलेंस में सवार पांच लोगों की मौत हो गई एवं एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतक हुए पांच लोगों में तीन एक ही परिवार के बताये जा रहें हैं, तथा एम्बुलेंस चालक द्वय आदिल पुत्र हामिद और सर्फराज पुत्र हसन हरियाणा निवासी थे,जिनकी इस हादसे में मौत हो गई है। वहीं घायल हुए शम्भू राय पुत्र जागेश्वर निवासी समस्तीपुर बिहार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंच कर डीएम संजय चौहान व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने स्थिति का जायजा लिया। जिला. धिकारी ने कहा कि हादसे में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को हटवा कर आवागमन सुचारू रूप से संचालित करा दिया गया है। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत शवों को चिकित्सकीय परीक्षण हेतु भेज दिया है।

# बालू लदा डंपर टेंपो पर पलटा, महिला समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के हंडिया कोतवाली क्षेत्र में दोपहर में बालू उतारते समय एक डंपर असंतुलित होकर पास से गुजर रहे टेंपो पर पलट गया जिससे उसमें सवार एक महिला समेत तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंडिया कोतवाली क्षेत्र के सैदाबाद वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर सिरसा मोड़ के पास निर्माणाधीन मकान के लिए हाइड्रोलिक से बालू नीचे गिराते समय डंपर सड़क पर बगल से गुजरते टेंपो पर पलट गया। टेंपो अंतड़ृिया बाजार से सैदाबाद सवारी लेकर आ रहा था। क्रेन की मदद से डंपर को उठाया गया। इसके बाद नीचे टेंपो में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में टेंपो बुरी तरह से नष्ट हो गया है। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में टेंपो में सवार खपटिया तिवरानपुर निवासी निवेदिता उर्फ गुड़िया तिवारी (40) राजमणि गुप्ता (65) एक बच्चा एस तिवारी ( 06) की मौत हो गई जबकि सियाराम निषाद, जय प्रकाश निषाद और राजन निषाद घायल हो गए। दो यात्री बाल-बाल बच गए। टैंपो में चालक समेत कुल आठ लोग थे। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# खड़े ट्रक में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में रविवार की सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। नानपारा बाईपास पर खड़े एक ट्रक में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान भान सिंह (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कानपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नानपारा बाईपास रोड स्थित बकरी मंडी के पास खड़े एक ट्रक से गुजर रहे लोगों को दुर्गंध महसूस हुई। ट्रक का केबिन भी बंद था, जिसके बाद लोगों ने नानपारा कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर केबिन का ताला तोड़ा तो अंदर एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि ट्रक पिछले दो दिनों से वहीं खड़ा था। मृतक की पहचान भान सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी ग्राम बिनौर, थाना संवेडी, जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक की मौत कैसे हुई।

# जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

### जनप्रतिनिधियों, अधिका. रियों, कर्मचारियों सहित जन सामान्य ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिक. ारी संजय चौहान ने फीता काटकर योग सप्ताह का शुभारंभ किया।

रविवार को अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। बताते चलें कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज प्रात: 6:00 बजे से 8:00 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अमृत सरोवर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया, कहा कि योग के माध्यम से शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर योगाभ्यास के उपरांत मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## एक नजर

### पीएचसी की भूमि और भवन पर भू-माफियाआ की कब्जेदारी को पुलिस ने रोका

**गोंडा।** करोड़ों की खाली पडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत की जमीन व जर्जर भवन पर भू-माफियाओं द्वारा की जा कब्जेदारी को एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने रोक दिया है। गौरा-चौकी कस्बे मे स्थित पुराने सरकारी हास्पिटल के जर्जर भवन खाली पडी करोड़ों की जमीन पर भू-माफियो द्वारा जबरन कब्जा किये जाने की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक दल-बल सहित मौके पर पहुंचकर कब्जेदारी पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम से फोन पर कब्जेदारी को लेकर की शिकायत, एसडीएम ने तत्काल खोडारे पुलिस को भेज सरकारी जमीन की कब्जेदारी पर रोक लगवाई है। विधायक ने कब्जेदारी मे गोंडा सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए है। बभनजोत ब्लॉक अन्तर्गत गौरा-चौकी कस्बे गौरा-चौकी खोडारे मार्ग पर स्थित पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन व खाली पडी जमीन पर भू-माफिया इसरार अहमद निवासी महुपाकड व उनके साथियो द्वारा जबरन दंबगई के साथ ईंटे, मौरंग, गिट्टी के साथ जेसीबी से नीव खदाकर दो तीन दिनो से कब्जा किया जा रहा था। रविवार को किसी ने क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा को फोन कर बताया की सरकारी हास्पिटल का जर्जर भवन व खाली पड़ी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। विधायक ने सरकारी भूमि पर कब्जेदारी की सूचना मिलते ही तत्काल बिना समय गंवाये दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन कब्जे दारो से इस संबंध मे जानकारी करनी चाहिए की किसके आदेश से कब्जेदारी की जा रही कुछ बता न सके। इस बीच विधायक के पहुंचने पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। विधायक ने एसडीएम मनकापुर अवनीश त्रिपाठी को मोबाइल फोन पर सरकारी जमीन के कब्जेदारी की सूचना दी। एसडीएम ने विधायक के फोन के बाद थाना प्रभारी खोडारे प्रबोध कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत की सरकारी भूमि पर हो रही कब्जेदारी को तत्काल रोक दिया है। विधायक प्रभात वर्मा ने सीएमओ गोंडा डाक्टर रश्मि वर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है की सीएमओ की मिलीभगत से भू-माफिया इसरार अहमद निवासी महुआपाकर तथा इसके साथियो द्वारा करोडो़ की खाली पडी जमीन व जर्जर भवन पर अवैध तरीके से कब्जेदारी की जा रही है।

### तीन वाहनों की टक्कर मे सात घायल, तीन रेफर

**जगदीशपुर अमेठी।** तेज रफ्तार आ रहे तीन वाहन अनियंत्रित हो जाने के चलते आपस मे टकरा गये जिसमें सवार सात लोग घायल हो गए जिन्हें ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने तीन की हालत नाज़ुक देख ट्रामा सेन्टर लखनऊ रिफर कर दिया। कमरौली थाना क्षेत्र स्थित फोरलेन मलावा मोड के निकट घटना उस वक्त घटी जब तेज रफ्तार आ रहे दो वाहन आपस में टकरा गये वही एक अन्य वाहन भी बीच में आकर टकरा गया तीन वाहनो की इस टक्कर में एखलाक अहमद, अब्दुल मजीद निवासीगण राजापुर नौडाड थाना जगदीशपुर, सोमय प्रकाश व मोहम्मद जावेद नयी दिल्ली, सुबोध ,राज किशोर झा, धीरु झा निवासीगण फरीदाबाद समेत सात लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने तीन की हालत नाज़ुक देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया।इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उपरांत वाहनों को कब्जे में लेकर अन्य आवश्यक कार्यवाई जारी है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना दुधारा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि थाना दुधारा पुलिस द्वारा मु-अ-सं- 204/2025 धारा 69 बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त मो-आसिफ पुत्र सहाबुद्दीन निवासी महुआरी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को ग्राम साफियाबाद के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा थाना दुधारा पर 13 जून को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना दुधारा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

### मार्निंग वाक पर निकले बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी सब्जी मंडी खलीलाबाद के समीप शहीद बाबा के मजार के पास रेलवे लाइन पार करते समय एक बुर्जुग की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मृतक बुजुर्ग भोर में टहलने निकले थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार 60वर्षीय सुरेंद्र चौरसिया, खलीलाबाद शहर के बरई टोला के निवासी थे। वह रोज की तरह आज भोर में टहलने निकले थे। इस दौरान वह पुरानी सब्जी मण्डी खलीलाबाद शहीद बाबा की मजार के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए और घटना स्थल पर उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस भिजवा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने अनूप

**सीतापुर।** जनपद के विख्यात आरएमपी इंटर कॉलेज एवं आरएमपी महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक व सपा के राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता को चुना गया है। इस मौके पर उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनके कार्यकाल में संस्थान कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। स्वस्थ वातावरण में छात्रों की शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों के कल्याणार्थ भी कार्य किया जाएगा! उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे किसी भी प्रकार की राजनीतिक हालात से प्रभावित हुए बिना केवल संस्थान के हित में कार्य करेंगे। इससे पूर्व भी जन सेवा के रूप में उनके कार्य सीतापुर जनपद के लिए उल्लेखनीय रहे हैं। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के जनहिताय जन सेवा के कार्य किए हैं। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में वार्षिक वन्य जीव गणना सम्पन्न

## बारहसिंघा से घड़ियाल और तेंदुए तक की हुई गिनती, जल्द जारी होगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** क्षउत्तर प्रदेश में इस वर्ष की वार्षिक वन्य जीव गणना का कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया है।

प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों, वन्य जीव विहारों और उनके बफर जोन क्षेत्रों में यह महत्त्वपूर्ण अभियान छब्बीस मई से शुरू होकर चौदह जून तक चला। वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा की गई इस व्यापक गणना का अंतिम परिणाम इसी माह के अंत तक जारी किया जाएगा। इस बार की गणना में बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा, गैण्डा, घड़ियाल, भालू और तेंदुए जैसे विशिष्ट प्रजातियों को विशेष रूप से शामिल किया गया। इनके अलावा हिरन, सांभर, चीतल, नीलगाय, पाढ़ा, बंदर और लंगूर जैसे अन्य शाकाहारी वन्य जीवों की भी निगरानी की गई। इस पूरे कार्य का संचालन प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षिका अनुराधा वेमुरी के निर्देशन में तथा सभी मण्डलों के मुख्य वन संरक्षकों की निगरानी में किया गया। गणना प्रक्रिया के दौरान वन कर्मियों के साथ स्थानीय प्रशिक्षित युवकों को मिलाकर प्रगणक दल बनाए गए, जिन्होंने तीन अलग-अलग चरणों ख्र छब्बीस मई, दो जून और नौ जून ख्र को यह कार्य सम्पन्न किया। प्रत्येक चरण में की गई गणनाओं का औसत निकालकर सोलह जून तक क्षेत्रीय वनाधिकारियों द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जो प्रभागीय अधिकारियों के माध्यम से विश्लेषण हेतु भेजी जाएगी। वैज्ञानिक पद्धति से विश्लेषण के उपरांत ही प्रदेश में वन्य जीवों की वर्तमान स्थिति की आधिका. रिक तस्वीर सामने लाई जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में वन्य जीवों की गणना प्रतिवर्ष की जाती है, जिसका उद्देश्य न केवल उनकी संख्या जानना होता है बल्कि उनके स्वास्थ्य, व्यवहार और निवास स्थलों की स्थिति का मूल्यांकन कर भविष्य की संरक्षण नीतियां तैयार करना भी है। विभाग का मानना है कि इस वर्ष की विस्तृत गणना और डेटा संकलन से वन्य जीवों की दशा-दिशा पर स्पष्ट और उपयोगी संकेत मिल सकेंगे।

# श्री काशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति के बैनर तले अमरनाथ यात्रा को निकलेंगे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** श्री काशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिये सीतापुर से श्रद्धालुओं का जत्था निकलेगा।

यह जानकारी देते हुए श्री काशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति के अध्यक्ष पीयूष कुमार मिश्रा ने बताया कि इस बार यात्रा को बहुत ही दिव्य और भव्य बनाया जाएगा। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि यात्रा सीतापुर के 23 जून को बाबा जंगली नाथ मंदिर से निकलेगी। यात्रा को मुख्य अतिथि सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा 23 जून की शाम को नैमिष धाम पहुंचेगी। वहां रात्रि विश्राम के उपरांत श्रद्धालुओं का जाता 24 जून को हरिद्वार के लिए रवाना हो जाएगा। 24 और 25 जून श्रद्धालु हरिद्वार में विभिन्न तीर्थ और मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगे। इसके उपरांत 25 जून की रात हरिद्वार से प्रस्थान कर 26 जून को आनंद साहिब गुरुद्वारा हिमाचल पहुंचेंगे। 26 जून को श्रद्धालु जीवन तीर्थ में दर्शन पूजन करेंगे।

# रबी फसलों के समर्थन मूल्य निर्धारण की बैठक आज दिल्ली में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृषि उत्पादन लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा आगामी विपणन वर्ष दो हज़ार छब्बीस-सत्ताईस के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कल, सोलह जून को दिल्ली स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित की जा रही है।

इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों की आवाज़ को मुखरता से रखेगी। बैठक में भाग लेने के लिए संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक और मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जगदीश सिंह को अधिख्रत किया गया है। दोनों प्रतिनिधि सभी राज्यों के ख्रषि आंकड़ों एवं किसानों की मांगों के साथ आयोग के समक्ष विभिन्न फसलों की लागत और मूल्य से संबंधित तथ्यों को प्रस्तुत करेंगे। बैठक में एमएसपी निर्धारण के लिए 'सी-टू प्लस पचास प्रतिशत' फार्मूले को लागू करने और 'एक फसल, एक भाव, एक राष्ट्र' की नीति पर विशेष बल दिया जाएगा। संगठन का मानना है कि जब सरकार खेती को उद्योग के समकक्ष मान रही है, तो उत्पादन लागत के निर्धारण में भी औद्योगिक मानकों को अपनाना चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार से सरकार उत्पादन लागत का निर्धारण करती है, उस पर किसान संगठनों को लगातार आपत्ति रही हैख्रखासतौर पर भूमि मूल्य, पारिवारिक श्रम और किसान की मेहनत को दरकिनार किए जाने पर। धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि इस बैठक में देश भर से सक्रिय किसान संगठनों के प्रति. निधियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक संगठन से अधि. कतम दो प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। सरकार द्वारा संभावित तेईस बढघं रबी फसलों के मूल्य निर्धारण के लिए यह विमर्श आयोजित किया गया है, जिनके आंकड़ों इपर नीति निर्माताओं और किसान संगठनों के बीच लंबे समय से मतभेद चला आ रहा है। किसान संगठनों की इस बैठक पर पैनी नजर है।

# योग सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रविवार को शहर के एक स्कूल में ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह के प्रथम दिन एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसका उद्घाटन नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ष्गुरुष द्वारा किया गया।

इस मौके पर जनमानस को योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि ने योग की महत्ता के बारे में बताते हुए सभी को प्रतिदिन कम से कम आधा घण्टा योग करने की सलाह दी। अन्य जनप्रतिनिधियों ने योग बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को उल्लास पूर्वक मनाने का आ]वान किया। योग का प्रदर्शन विभाग के योग प्रशिक्षक श्री गंगा सागर वर्मा, विनय कुमार, कुद्र वन्दना, राम सनेही, ऊषा, ने किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाद्ग अमित गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्ष नेहा अवस्थी आदि मौजूद रही ।

# मनरेगा श्रमिकों का मानदेय पांच सौ रुपये प्रतिदिन किया जाए: राष्ट्रीय लोकदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर की अध्यक्षता में ह्यमहिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्यायहृ विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिव करन सिंह तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे उपस्थित रहे। संचालन श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार तिवारी ने किया। शिविर की शुरुआत चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं 'चौधरी चरण सिंह अमर रहें' के उद्घोष के साथ हुई। इस अवसर पर बोलते हुए शिव करन सिंह ने प्रवासी और घरेलू कामगारों के लिए विशेष श्रम कानून की आवश्यकता जताई और कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के निदान हेतु 'श्रमिक थाने' स्थापित किए जाने की दिशा में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह सरकार से वार्ता करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रत्येक न्याय पंचायत में कौशल विकास केंद्र खोले जाने की मांग उठाई और कहा कि मनरेगा श्रमिकों के लिए कार्यदिवस की सीमा दो सौ दिन और पारिश्रमिक पांच सौ रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महेश पाल धनगर ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए न्यूनतम मासिक पेंशन पांच हज़ार रुपये तथा महिला मेट के लिए बीस श्रमिकों की बाध्यता को समाप्त करने की वकालत की। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने राज्य रोजगार गारंटी परिषद एवं जिला मनरेगा निगरानी समिति के गठन की मांग रखी। प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सहायता राशि को एक लाख रुपये किए जाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान हाल में हुए विमान एवं हेलीकॉप्टर हाद. सों में मृत लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम को प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रमेश कश्यप, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पी. के. पाठक, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर वकील शेख मंसूरी, साइमा परवीन, रमेश यादव, साधना सिंह, ईश्वर देव, रेखा भार्गव, एस. पी. बघेल, आरती पांडेय सहित श्रम प्रकोष्ठ के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साठ हजार नौकरियों पर जश्न, दो करोड़ का वादा भुला दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो।**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा साठ हज़ार युवाओं को नौकरी दिए जाने के दावे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने इसे युवाओं के साथ 'रोज़गार के नाम पर छल' बताया है। सुनील सिंह ने कहा कि आठ वर्षों पूर्व सत्ता में आई सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन अब तक मात्र साठ हज़ार नियुक्तियों पर संतोष जताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्यपर्ची, खर्ची, भर्तीहृ जैसे बयानों से सरकार असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। जब करोड़ों युवा देशभर में बेरोज़गारी का सामना कर रहे हैं, तब दो करोड़ नौकरियों का वादा कर मात्र साठ हज़ार नियुक्तियां कर भाजपा सरकार उत्सव मना रही है। यह युवाओं की आकांक्षाओं के साथ खुला मज़ाक है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि नौकरियों को अपनी उपलब्धि बताने वाली सरकार यह भूल गई है कि युवाओं से दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था, न कि साठ हज़ार का। ऐसे में यह आंकड़ा किसी भी ख्रष्टि से संतोषजनक नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी का प्रतीक है।

# बेगम सराय में जलभराव से परेशानी

## जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर का मोहल्ला बेगम सराय एक ऐसा इलाका है, जो हर बार नेता जी के वादों की फेहरिस्त में सबसे ऊपर होता है, लेकिन विकास की सूची में सबसे नीचे। बरसात की पहली, दूसरी मामूली बूंदाबांदी क्या हुई इस मोहल्ले की गलियां फिर से कीचड़ व पानी, पानी तथा जलभराव में तब्दील हो गई। सड़कें नहीं रहीं, सिर्फ दलदल, कीचड़ पानी है। लोग नहीं चलते, फिसलते हैं। यहां हर चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे, वादे किए जाते हैं।

जनप्रतिनिधि कहते हैं कि इस बार जनप्रतिनिधि बना दो सबसे पहले इसी सड़क का निर्माण होगा। अबकी बार गली में पानी नहीं भरने देंगे। यह मोहल्ला मेरी पहले सूची में विकास के मामले में पहली प्राथमिकता है और रहेगी लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं, ये मोहल्ला और इसके लोग उन नेताओं की याददाश्त से मिट जाते हैं। अब जनप्रतिनिधियों की जुबान पर नया बहाना है कि ये कॉलोनी तो नगर पालिका में दर्ज ही नहीं है। तो फिर सवाल ये है कि जब कॉलोनी दर्ज नहीं, तो वोट कैसे दर्ज हो जाते हैं।

इस कॉलोनी के वोट नगर पालिका में क्यों बनाये जाते है जब विकास नहीं पहुंचता, तो चुनाव प्रचार क्यों पहुंचता है। यहां के लोगों की हालत ये है कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्लास्टिक की थैलियां पैरों पर लपेटनी पड़ती हैं। बच्चों को गोदी में लेकर बस तक पहुंचाना पड़ता है। बीमार को अस्पताल पहुंचाना एक जोखिम बन गया है और नमाज पढ़ने जा रहे बुजुर्गों को रास्ता नहीं, रास्ते में पानी कीचड़ मिलता है, यह कोई नई कहानी नहीं है। वक्त के साथ सिर्फ चेहरे बदले हैं, वादे बदले हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं। जनता अब ये सब समझ चुकी है अब झूठे वादों से पेट नहीं भरता और ना ही कीचड़ में विकास दिखाई देता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है अबकी बार नेताओं को गली में बुलाकर माला नहीं पहनाई जाएगी, बल्कि पुरानी फाइलें खोलकर हिसाब मांगा जाएगा। अब बेगम सराय की गलियों में सिर्फ पानी नहीं बह रहा। यहां अब आक्रोश बह रहा है, नाराजगी बह रही है और नेताओं की खोखली राजनीति का पर्दाफाश हो रहा है। इस बार नारा यही है विकास नहीं तो वोट नहीं वादे नहीं, अब जनता को हिसाब चाहिए। मोहल्ले वासियों का कहना है यह आंख मिचौली का खेल कई कार्यकाल से चल रहा है। मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से बेगम सराय की सड़क बनवाने की अपील की है।

## प्रेमिका के बुलावे पर आए प्रेमी की जमकर पिटाई

**शेरकोट।** एक प्रेमी को अपनी प्रेमिका से मिलने जाना भारी पड़ गया। प्रेमिका के भाई ने अपने बहन के प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि नहटौर निवासी एक युवक का नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को प्रेमी अपनी प्रेमिका के बुलावे पर शेरकोट पहुंचा और दोनों पुलिस चौकी के निकट स्थित एक पिज्जा हट में बैठकर अपने प्रेम की बातें करने लगे। उधर प्रेमिका के घर से जाने पर भाई को शक हुआ और वह भी पीछे से पिज्जा हट में पहुंच गया। उसने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी। युवती तो चुपके से खिसक गई, लेकिन प्रेमी को युवक की मार से लोगों ने किसी तरह बचाया। प्रेमी द्वारा माफी मांग लेने पर उसे छोड़ दिया गया। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और लोगों ने युवक की पिटाई का विरोध भी किया। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते प्रेमी को नहीं बचाया जाता तो घटना गंभीर हो सकती थी। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई और कहा कि मामले की जानकारी की जाएगी।

## चिकित्सा शिविर में 140 रोगियों की जांच



### श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना के सौजन्य से आज हर्रा अहमदपुर जलाल में एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 140 रोगियों की जांच एवं परामर्श किया गया।

इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन व शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। रोगियों को सही परामर्श देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

शिविर में विशेष रूप से डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौहर फैयाज, डॉ. अरुण प्रताप सिंह व डॉ. मनु रस्तोगी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसके अतिरिक्त श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य तनु ज्योति, तुषार चौहान, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, निशु रानी व जितेंद्र कुमार ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इस अवसर पर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने शिविर की सफलता के लिए टीम को बधाई दी। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना की और नियमित शिविरों की मांग की।

## आशा कार्यकर्ताओं को दिया योग का प्रशिक्षण

**कोतवाली देहात।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जनपद बिजनौर के मास्टर योग ट्रेनर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली में आशा कार्यकर्ताओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। जनपद के मास्टर योग ट्रेनर तिलकराम ने बताया कि आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जनपदों के योग प्रशिक्षक को मास्टर योग ट्रेनर की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई है।

ब्लॉक प्रांगण में आशा कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक केंद्र एवं गांव में सभी जनमानस को प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता योग का अभ्यास कराएंगे। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पदस्थासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, अर्ध भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि योग क्रियो का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन योग सहायक हिमानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता सुमन, निर्मल, काजल, जूली, सुमन देवी, रेखा रानी, सुंदरी, कल्पना रानी, संगीता शर्मा आदि उपस्थित रही।

## ट्रांसफार्मर फुंक जाने से आधे गांव की विद्युत आपूर्ति गुल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर पूर्व जिकरीवाला में लगभग एक सप्ताह पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने के कारण आधे ग्राम की सप्लाई गुल हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी के चलते बूढ़े बच्चे और महिलाएं हल्कान है।

भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला की ग्राम प्रधान फरीदा अंसारी पत्नी वही. दुर रहमान अंसारी ने विद्युत खण्ड अधिकारी अफजलगढ़ को ग्रामीण के हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की।

हस्ताक्षर करने वाले ग्रामीणों में विशेष तौर से मौहम्मद जमशेद अंसारी, लव कुमार, जाहिद हुसैन, शाहरुख, शमशाद अहमद, शाहिद हुसैन, लियाकत हुसैन, चंद्रपाल सिंह, इसरार अहमद, वहीदुर्रहमान, रमजानी, इसरार अहमद, फैजान, जमालुद्दीन, वकील अहमद, कसीसुद्दीन, शहजाद, अतीक अहमद, अनीस, बुन्दू आदि थे।

# धामपुर में हैप्पीनेस प्रोग्राम सम्पन्न

## खुशियों, शांति और सेवा की दिशा में प्रेरणादायक कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सत्संग भवन बड़ी मंडी में 10 जून से 15 जून तक आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम अत्यंत सफलता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सचिन सिंह (अलीगढ़) और सौरभ अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, ध्यान, योग और जीवन में सकारात्मकता लाने वाली व्यावहारिक ज्ञान सीखा। पूरे सप्ताह सत्संग भवन का वातावरण आनंद, मौन और भीतर की ऊर्जा से भर गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ASP धामपुर की धर्मपत्नी श्रीमती आरोही श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से उन्हें एक सुंदर पुस्तक भेंट की गई। सभी प्रतिभागियों ने खुले दिल से अपने अनुभव साझा किए। किसी ने अपने भीतर की शांति को महसूस किया, तो किसी ने पुराने तनावों से मुक्ति पाई। सभी अनुभव प्रेरणादायक और आत्मस्पर्शी रहे।

विशेष योगदानकर्ताओं में लवी अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, मधुश्री गुप्ता, डॉ. प्रीति विश्नोई और शिक्षक सौरभ अग्रवाल जिनके अथक प्रयास और सेवा भाव ने इस आयोजन को एक उत्सव बना दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अंकुर अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, नूपुर मित्तल, निखिल अरोड़ा, कंचन चौहान, कंचन सिंघल, शालिनी सिंघल, तनय गुप्ता, नीरज कुमार, विवेक अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, अनिल कश्यप, अनिल कुमार, पंकज कुमार, पंकज विश्नोई, समाज प्रतिभा गोयल, और तुषार कुमार रहे। कार्यक्रम का समापन गायन, सत्संग और सामूहिक ध्यान के साथ हुआ। यह कार्यक्रम केवल व्यक्तिगत परिवर्तन में आत्म शांति और ऊर्जा से भरपूर का माध्यम बना।

## नगीना के तीनों इंटर कॉलेजों के नाम पोर्टल पर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शिक्षकों व प्रधानाचार्य के ऑनलाइन स्थानांतरण की एडेड माध्यमिक विद्यालयों में चल रही प्रक्रिया में बड़ी कमी सामने आई है। नगीना के तीनों इंटर कॉलेज के नाम व रिक्त पदों की संख्या विभाग के पोर्टल पर अंकित नहीं होने से इच्छुक शिक्षक आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जून थी।

शासन ने हाल ही में प्रदेश के अशासकीय (एडेड) हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के तबादले पहली बार ऑनलाइन करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे। अभी तक इन विद्यालयों में तबादले ऑफलाइन होते थे। जबकि इस बार ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को 27 जून तक पूरा करना है। ऑनलाइन आवेदन 10 से 14 जून तक होने हैं। नगीना में स्थानांतरण कराने के इच्छुक शिक्षकों द्वारा जब पोर्टल पर आवेदन करना शुरू किया गया, तो पाया कि नगीना में स्थित दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, एमएम इंटर कॉलेज व हिंदू इंटर कॉलेज के नाम व रिक्त पदों की सूची पोर्टल पर अंकित नहीं है, जबकि प्रदेश भर के तमाम स्कूलों के नाम व रिक्त पदों की सूची पोर्टल पर दर्शाई गई है।

नगीना में स्थित तीनों इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य व शिक्षकों के कई पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर नगीना के तीनों कॉलेजों के नाम अंकित नहीं होने से अभ्यर्थी स्थानांतरण कराने से वंचित हो रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने तीनों कॉलेजों के प्रधानाचार्य से इस बारे में बात की है, तो पता लगा कि कुछ तकनीकी कारणों से समस्या ऊपर स्तर से ही शायद हुई है। उनका कहना था कि उनके द्वारा उक्त समस्या के बारे में लखनऊ में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शब्बू के निधन पर शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के स्टेशन मार्ग केनरा बैंक स्थित स्थित निवासी वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार डॉ. सुहालेह उर्फ शब्बू का दुखद निधन हो गया। कुछ समय से दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पत्रकारिता जगत में अपनी निष्पक्ष लेखनी, बेबाक विचारों और जनहित से जुड़ी रिपोर्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. शब्बू का जाना नगर के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर नगर के सामाजिक,कार्यकर्ताओं, राजनेताओं और पत्रकारों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

डा. एनडी हाशमी, वरिष्ठ समा. जसेवी डॉ. मनोज वर्मा, पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, अधिवक्ता महफूज चौधरी, बसपा नेता हाजी इलियास चौधरी, डा. जानिब हाशमी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, हाजी अख्तर जलील, युवा समाजसेवी असजद चौधरी, भाजपा नेता डा. दानिश कमाल, मनोज भटनागर, आदिल चौधरी, आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, शुगर मिल अधिशासी सुखबीर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी, डा. हसन सिद्दीकी, आमिर चौधरी, गौहर चौधरी, नासिर उर्फ आदिल चौधरी, इमरान अख्तर उर्फ सनी चौधरी, फहीमुर्रहमान चौधरी, शाहाबाज जमाल, डॉ. कफील अहमद, खलीक चोधरी, डा. जुनैद जैदी, सोहेल जफर, डा. तफज्जुल, आसिफ चौधरी, राकिब चौधरी, नजीबुलहसन, सुरेंद्र अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, इफ्तेखार चौधरी, शुऐब, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, भाजपा नेता अकरम अंसारी, जिया चौधरी, अफजल चौधरी, रिफाकत चौधरी, डॉ. खुर्शीद कुरैशी, नय्यर चौधरी. डा. अजीम, डा. अदनान जैदी, डा. खलीउल्ला, शमशाद एडवोकेट, डा. साबिर, डा. इमरान, डा. आसिम लैब वाले व अन्य तमाम लोगों ने एवं पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सभी ने कहा कि डा. शब्बू ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य किया। वे हमेशा समाज की समस्याओं को बेबाकी से उठाते रहे। उनके निधन से समाज को एक सच्ची आवाज और ईमानदार पत्रकार खोना पड़ा है। नगर के विभिन्न संगठनों और प्रेस क्लब की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

डॉ.शब्बू का शव बाद नमाजे जौहर सैकड़ों नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। वही शाह टाइम्स परिवार ने भी गहरा दुख प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा हुआ है।

## धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्रीराम की सेना चली



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। न्यू हिंदू कॉलोनी कालिया वाले मंदिर के सामने श्रीकांत अग्रवाल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसका शुभारंभ राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली सबको बहुत अच्छा लगा सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। आयोजक परिवार में श्रीकांत अग्रवाल, हरिओम, लाला राजकुमार, मनी देवी, दिशांकर प्रजापति, अमित यादव, आकांश, पुष्पक, अभिषेक सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राजकुमार प्रजापति, मोती शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## नाट्यदीप कार्यशाला कला, संवेदना व सामाजिक चेतना का संगम: सुमन

### अभिनय की कलाओं से रूबरू हो रहे प्रतिभागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नाट्यदीप संस्था द्वारा उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से थिएटर कार्यशाला के अंतर्गत अभिनय की तकनीकों, वॉयस मॉडुलेशन, बॉडी मूवमेंट, सीन वर्क, स्पेस यूटिलाइजेशन, भावाभिव्यक्ति, और संवाद अदायगी जैसे महत्वपूर्ण रंगमंचीय पक्षों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नाट्यदीप संस्था की अध्यक्ष सुमन सिंह ने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागी न केवल अभिनय की तकनीकी विधाओं से रूबरू हो रहे हैं, बल्कि थिएटर के उस जीवंत पक्ष को भी आत्मसात कर रहे हैं जहाँ कला, संवेदना और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम होता है। यह प्रक्रिया प्रतिभागियों को रंगमंच की सतह से उठाकर उन गहराइयों तक ले जा रही है, जहाँ हर पात्र केवल अभिनय के बजाय उसे जी रहा है।

निर्देशक जय तिवारी ने कहा कि रंगमंच केवल मंच पर अभिनय भर नहीं, बल्कि आत्म-अन्वेषण, भावों की गहराई और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की यात्रा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ - साथ, स्थानीय स्तर पर रंगमंच की एक सशक्त संस्कृति को विकसित करना है।

डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बी.एन.ए. लखनऊ से प्रशिक्षित निर्देशक जय तिवारी प्रतिभागियों को थिएटर के विविध आयामों पर गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं।

श्री तिवारी का यह प्रयास रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में युवाओं और नवोदित रंगकर्मियों के लिए प्रेरणास्पद बन रहा है।

## आशाओं को योगाभ्यास कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आगामी 21 जून को योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक परिसर में योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र की आशाओं ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून को योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक कासमपुर गढ़ी प्रांगण में स्थित टीन शेड हाल में आयुष विभाग जनपद बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक विद्यालय उदयपुर बिजनौर के योग प्रशिक्षक अमित कुमार व पवनेश कुमारी ने ब्लॉक क्षेत्र कि संगनियों व आशाओं को योगाभ्यास कराया। अमित कुमार व पवनेश कुमारी ने सभी को सम्बोधित करते हुए बताया कि योग इंसान के शरीर को स्वस्थ और रोग मुक्त रखना है। योगा करने से तमाम बीमारियों से मनुष्य रोग मुक्त रहता है इसीलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में योगा करना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर संगिनी चंद्रक. ांता, सुमन देवी, बबीता देवी, रेनू लता, ममता देवी सुरूची देवी, तथा आशाएं गुलशन जहां, शबाना परवीन, अन्जू, जैनब खातून, मिथलेश देवी, रणजीत कौर, प्रवेश देवी, नसीम बानो, जैबुन्निशा, शाइस्ता, सायदा, सुनीता देवी, सुंदरी देवी, पूनम, ज्योति, देवी,ईशरत जहां, आदि मौजूद रहीं।

# समाधान दिवस में आई 15 शिकायतें

## पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समाधान दिवस महीने के द्वितीय और अंतिम शनिवार को लगाया जाता है। जिससे क्षेत्र के किसानों की अन्य मामले की छोटी से छोटी समस्या सुने और समाधान किया जाए। ब्लॉक कासमपुर गढ़ी के एयरकंडीशन कार्यालय में बैठे विभागीय अधिकारी आना तक गवारा नहीं समझते और अपनी जगह चपरासी को भेज दिया जाता है। यही हॉल अन्य विभागों का भी है। इसी कारण ब्लॉक कार्यालय सहायक एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को एसडीएम रितू रानी ने फटकार कर मौके से भगा दिया गया। विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को एसडीएम रितू रानी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में समस्या सुनने पहुंची।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी भी उपस्थित रहे। कुल 15 शिकायती पत्र आए। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बाकि सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दी गई।

राजस्व विभाग के लेखपालों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करते हुए आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## अफजलगढ़ में खूंखार कुत्तों का आतंक

### बच्चों को ट्यूशन भेजने के लिए भी अभिभावक चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर व क्षेत्र में आवारा और खूंखार कुत्तों का आतंक लगातार अब भी बढ़ रहा है। नगर पालिका द्वारा कुछ दिन पहले चलाया गया कुत्ते पकड़ने का अभियान, लेकिन अब सवालों के घेरे में कागजों में तो अभियान पूरा हो गया, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नगर वासियों का कहना है कि नगर के थोड़े बहुत ही कुत्ते पकड़वाय गए। बाकि मौहल्लों की गलियों में अब भी झुंड के झुंड कुत्ते बेखौफ घूम रहे हैं।

कस्बे के कई मौहल्लों से शिकायतें मिल रही हैं कि यह कुत्ते बच्चों और राहगीरों पर अब भी हमला कर रहे हैं। हालात यह हो गए हैं कि कई मौहल्लों में लोग शाम होते ही घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों को अकेले ट्यूशन भेजना अब अभिभावकों के लिए खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय निवासी बोले कुत्तों से नहीं, अब सिस्टम से डर लगने लगा है। नगर के लोगों का कहना है कि जिन कुत्तों ने हमला किया, काटा, डर फैलाया वे आजाद घूम रहे हैं और नगर पालिका सिर्फ कुत्तों के प्रति दिखावे के तौर पर कार्रवाई कर रही है। न तो कोई स्थायी समाधान निकाला गया, लेकिन जब नगर पालिका ईओ से इस संबंध में जानकारी करने की कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। अब जनता कह रही है कि प्रशासन एक बार फिर कुत्ते पकड़वाने के लिए अभियान चलाए। लेकिन इस बार दिखावे के लिए नहीं, बल्कि असरदार कार्रवाई के लिए। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो गंभीर परिणाम आने वाले समय में देखे जा सकते हैं।

# बरेली में आंधी–बारिश का कहर

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत, सैकड़ों पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति हुई ठप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले में रविवार सुबह तेज बारिश के बीच आसमान में कड़कती बिजली ने तीन लोगों की जान ले ली। मीरगंज तहसील क्षेत्र में 56 साल के किसान मंगली पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी तरह सदर तहसील में दुर्गा प्रसाद और बहेड़ी में फरदीन अंसारी की बिजली गिरने से जान चली गई। दो मजदूर घायल हुए हैं। वहीं आंधी से जिलेभर में सैकड़ों पेड़ गिरे हैं। बिजली के खंभे गिरने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव जटौआ निवासी 25 वर्षीय दुर्गा प्रसाद रविवार को प्रात: साढ़े पांच बजे घर से शौच के लिए गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो दुर्गा प्रसाद का शव गांव के पास ही निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास मिला। शव मिलने की सूचना से घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता मोहन लाल की सूचना पर चौकी इंचार्ज धौंरा टांडा संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे, और बारीकी से जांच पड़ताल की।

मृतक के पिता मोहन लाल ने प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा से पोस्टमॉर्टम कराए जाने के लिए पत्र देकर अनुरोध किया। पुलिस ने पंचायतनामे की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि दुर्गा प्रसाद की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। परिजनों के कहने पर शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।





### बहेड़ी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहेड़ी** के ग्राम सिमरा निवासी फरदीन अंसारी की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। फरदीन सुबह करीब 7:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहा था, तभी अचानक मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर रंजीत पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया, लेकिन आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। युवक की मौत की खबर से गांव में मातम पसरा हुआ है, और परिजन गहरे सदमे में हैं।

यह पहली बार नहीं है जब बहेड़ी क्षेत्र में आकाशीय बिजली ने किसी की जान ली हो। इससे पहले भी ग्राम सकरस में एक युवक की मौत इसी तरह की घटना में हो चुकी है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं।

मौसम विभाग पहले ही चेतावनी जारी कर चुका है कि गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है, और बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### बिजली गिरने से तीन मजदूर झुलसे

शेरगढ़ क्षेत्र के गांव नूराबाद के पास ईंट भट्ठे पर काम करने बिहार से आए मजदूरों पर बिजली गिर गई। बारिश से बचने के लिए तीनों झोपड़ी में बैठे थे।

इसी दौरान बिजली गिर गई, जिससे तीन मजदूर झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका उपचार कर वापस भट्ठे पर भेजा दिया।

### मीरगंज में कई जगह गिरी बिजली

मीरगंज थाना क्षेत्र के हुरहुरी गांव में विद्युत खंभा धराशायी हो गया। वहीं ठिरिया खुर्द में ट्रांसफार्मर पर बिजली गिरने से दोनों पोल टूट कर जमींदोज हो गए, और ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इलाके में 56 साल के किसान मंगली की मौत हो गई

# फरवरी में फूंकाई शुरू करने के फैसले पर अड़े भट्टा स्वामी

**यूनियन के नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** भट्टा स्वामी आगामी सीजन के लिए कच्ची ईंट बनाने का कार्य 15 जनवरी एवं फूंकाई का कार्य15 फरवरी से शुरू किए जाने के अपने फैसले पर सभी भट्टा स्वामी अडिग हैं। उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

ग्राम महतोष स्थित ताज पैलेस में चांद ब्रिक फील्ड ग्राम टिहरी ख्वाजा की जानिब से आयोजित जिला ईंट निर्माता समिति की बैठक में रामपुर के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि यूनियन के नियम सर्वोपरि है जनपद रामपुर, बरेली व उत्तराखंड के ईंट भट्ठा स्वामी पूरी ताकत के साथ एक जुट हैं। इस बार तो सीजन समाप्त हो गया, आगामी सीजन के लिए यूनियन द्वारा माह में दो बार बैठक किए जाने का सिलसिला जारी रहेगा और यूनियन और भी अधिक मजबूती के साथ अपना काम करेगी।

बरेली जिला ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष डाक्टर हाजी आफताब अहमद ने कहा कि सभी भट्टा स्वामी अपनी मर्जी से यूनियन को मजबूत करने के उद्देश्य से पांच लाख रुपये का चेक यूनियन के नाम से काटकर जमा करने का सिलसिला अभी जारी है। उन्होंने आह्वाहन किया कि सभी भट्टा स्वामी एक साथ मिलकर चलें, तभी ईंट उद्योग से संकट खत्म हो सकता है। बैठक के आयोजक भट्टा स्वामी हाजी अब्दुल रऊफ ने उपस्थित सभी भट्टा स्वामियों का आभार जताया। बैठक में हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, एजाज अहमद, गुरदीप सिंह, तौसीफुर रहमान, अंजार अहमद, इमरानुल हक, जहीर रियाज, सफी उर रहमान, इंतिखाब आलम, नवाब, जुनैद अहमद दुनका आदि लोग मौजूद रहे।




# वीजा खत्म होते ही फरहत जाएगी पाकिस्तान

**राशन और आधार कार्ड होगा निरस्त**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फर्जीवाड़ा करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवाने वाली फरहत सुल्ताना को अब पाकिस्तान भेजा जाएगा। उसका दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई को समाप्त हो रहा है। वहीं पुलिस तय तिथि से पहले ही वीजा निरस्त कराने की तैयारी में है। राशन कार्ड और आधार कार्ड को भी निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले भर में बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बारादरी पुलिस को जानकारी हुई कि सूफी टोला में दीर्घकालिक वीजा पर फरहत सुल्ताना नाम की महिला रह रही है। उसने फर्जीवाड़ा करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया है। वह राशन भी ले रही है। इसके बाद थाने में तैनात एसआई सौरभ सिंह ने थाना बारादरी में फरहत सुल्ताना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने फरहत को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया था। अब पुलिस फरहत का आधार कार्ड और राशन कार्ड निरस्त कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। पुलिस ने फरहत का राशन कार्ड और आधार कार्ड भी जब्त कर लिया है। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय ने बताया कि फरहत का दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। उसके नवीनीकरण के लिए सिर्फ एक माह का ही समय बचा है। नवीनीकरण के लिए फरहत ने आवेदन किया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस उसका वीजा निरस्त कराने की तैयारी में जुटी है। बताया जाता है कि उसके जालसाजी रवैये के कारण उसका वीजा या तो निरस्त कर दिया जाएगा या फिर नवीनीकरण नहीं हो सकेगा। यदि इस तरह की स्थिति बनती है तो उसे जल्द ही पाकिस्तान के लिए जाना होगा।

# शराब के नशे में पति बना हैवान

**बेल्ट से मारा...चाकू से किए वार, प्रेम विवाह के तीन महीने बाद पत्नी की हत्या की**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** थाना भमोरा क्षेत्र के गांव दलीपुर में शनिवार रात अपनी पत्नी पुष्पा की हत्या करने वाले कुंवरसेन उर्फ ऋषिया को रविवार को जेल भेज दिया गया। आरोपी ने बताया कि वह काफी समय लुधियाना में रहा, जहां वह मजदूरी करता था। वहीं पर बिहार की निवासी युवती पुष्पा देवी भी मजदूरी करती थी। उन दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। तीन महीने पहले उसने पुष्पा से शादी कर ली, फिर अपने घर दलीपुर चला आया।

उसने बताया कि वह पत्नी के चाल–चलन पर शक करता था। शनिवार रात उसने काफी शराब पी रखी थी। पत्नी से उसने खाना देने को कहा। इसी दौरान उसका विवाद हो गया और उसने घर में रखे आलू छीलने वाले चाकू और सब्जी काटने वाले दूसरे चाकू से पुष्पा की हत्या कर दी। नशा उतरने पर उसे हत्या का अफसोस हुआ। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी ने पत्नी की हत्या का गुनाह कबूल कर लिया है, उसे जेल भेजा गया है।



ऋषिया ने शनिवार शाम शराब पीने के बाद रात आठ बजे पत्नी के साथ मारपीट की, जिसपर बुजुर्ग मां फूलावती ने लोगों को इकट्ठा कर मामला शांत कर दिया। जिसके बाद देर रात दोबारा शराब पीने चला गया, और घर लौटने पर पत्नी को दोबारा बेल्टों से पीटना शुरू कर दिया।

इसी दौरान सब्जी काटने वाले चाकू से बेरहमी से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठे हुए तो देखा कि पुष्पा का शव खून से लथपथ कमरे में पड़ा था। आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पहले प्रेमिका का डाटा चोरी किया और अब वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा है दस लाख, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना कस्बे की एक बस्ती की है, बस्ती की एक किशोरी का पड़ोस के युवक से दो साल तक संबंध रहा, उसके बाद किशोरी ने युवक से बात करना बन्द कर दिया।

आरोप है किसी तरह युवक ने किशोरी के मोबाइल का डाटा चोरी कर लिया, और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी पर संबध बनाने के लिए दबाव बनाया। किशोरी ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से की, जिसपर परिजन युवक के घर पहुंचे, और इस मामले की शिकायत की। आरोप है कि युवक के परिजनों ने उसे डांटने के बजाए किशोरी के परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

आरोप है कि युवक 10 जून को बस्ती के फैजान और मो० आमिर के फोन पर किशोरी का चोरी किया गया डाटा डाल दिया, और कहा कि इसे डिलीट कराना है तो उसे 10 लाख रुपए दो, नहीं तो यह सारा डाटा इंस्ट्राग्राम और फेसबुक पर अपलोड कर दिया जाएगा। किशोरी के पिता ने इस मामले में बस्ती के अब्दुल रज्जाक उर्फ मुन्ना सहित उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### विधायक ने गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** बुची के एक स्कूल में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ऑफिस के विकसित भारत संकल्प सभा की बैठक में मुख्य अतिथि यशस्वी विधायक 119 मीरगंज विधानसभा डा. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मीरगंज गोपाल कृष्ण गंगवार, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, मंडल अध्यक्ष मुनीश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गंगवार, मंडल महामंत्री रामनरेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा अंकुश राज गुप्ता, मुन्नू गंगवार, राम प्रकाश गुप्ता, रामावतार मौर्य, डॉक्टर रामावतार गंगवार, बबलू अहमद, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा वसीम अकरमएवं अन्य गणमन क्षेत्रीय नेतागढ़ उपस्थित। विधायक ने विधानसभा में 8 वर्षों में जो कार्य कराए उन सभी को एक–एक करके बताया और भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत ही जल्द तृतीया स्थान पर पहुंचने के बारे में भी बताया।

### ढाई साल पहले जेसीवी से उजाड़े गए खोखों का सीओ ने किया मौका मुआयना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ढाई साल पहले 24 नवम्बर 2022 को बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे रामलीला मैदान के पास जेसीवी से दबंगों द्वारा उजाड़े गए खोखा, होटल, झोपड़ियों का रविवार को सीओ गौरव सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया।

मानवाधिकार कार्यकर्ता नानक चन्द शर्मा द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली को की गई शिकायत में बरेली के साथ ही कस्बे के कुछ दबंग लोगों द्वारा जबरन स्थल पर एक लम्बे अर्से से अपने परिवार की जीविका चलाते आ रहे खोखा, होटल और झोपड़ियों को सुबह सुबह उजाड़ दिए जाने का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच की मांग की थी। शिकायत किए जाने के बाद रविवार को सीओ गौरव सिंह ने शिकायतकर्ता के साथ स्थल पर जाकर घटना की जांच की। गौरतलब हो इस मामले में जब जेसीवी से इन्हें उजाड़ा जा रहा था तो नानक चन्द शर्मा ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट की थी, साथ ही उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसपर पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया था।

### मर्यादा पुरषोत्तम राम पर अशोभनीय पोस्ट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव सैदपुर के रहने वाले बृजपाल के पुत्र विवेक सागर ने अपनी इंस्ट्राग्राम आईडी से मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम के खिलाफ एक अभद्र और अशोभनीय पोस्ट कर डाली। युक्त पोस्ट से जनमानस की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही वर्ग विशेष में भारी आक्रोश है।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार ने इस मामले में आरोपी विवेक सागर के खिलाफ धारा 353(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### घर की दहलीज भी नहीं लांघ सके तौकीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां मुसलमानों के खिलाफ हो रही घटनाओं को लेकर एक बार फिर गिरफ्तारी देना चाहते थे। हर बार की तरह इस बार भी मौलाना पर कड़ा पहरा बैठा दिया गया। अंजाम ये हुआ कि मौलाना सौदागरान से निकलना तो दूर अपने घर की दहलीज पार नहीं कर सके। आईएमसी के दूसरे नेता पुलिस की नजरों से बचते हुए दामोदर पार्क पहुंचे और ज्ञापन दिया।

दरअसल आला हजरत खानदान से संबंध रखने वाले और आईएमसी (इत्ते. हाद–ए–मिल्लत कौंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने अपने 10 साथियों के साथ गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था। मौलाना के इस ऐलान की बाद से ही पुलिस और खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया था। रविवार सुबह से ही आईएमसी के नेताओं को घरों पर नजर बंद कर दिया गया।

मगर दोपहर में आईएमसी के नदीम खान, नफीस खान समेत अन्य लोग पुलिस को चकमा देकर दामोदर स्वरूप पार्क पहुंचे। दामोदर पार्क में पुलिस और प्रशासन का अधिकारियों को ज्ञापन देकर आईएमसी नेता धरने पर बैठ गए। लेकिन पुलिस का सख्त पहरा होने की वजह से आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर राजा खान अपने घर से बाहर नहीं निकल सके।

### परिवार परामर्श केंद्र बना अखाड़ा, खूब चले लात घूंसे

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। पुलिस लाइन में मौजूद परिवार परामर्श केंद्र शनिवार को अखाड़े में तब्दील हो गया। बताया जा रहा है कि लड़का और लड़की ने अलग रहने पर रजामंदी बना ली थी। मगर बात उस वक्त बिगड़ी जब लड़की ने लड़के को चप्पल दिखाई। इतने पर भी मन नहीं भरा तो उसको थप्पड़ जड़ दिया। फिर क्या था देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात घूंसे चलने लगे। पूरे मामले से जुड़ा वीडियो अब वायरल हो रहा है।

दरअसल नवाबगंज के रहने वाले युवक का निकाह 1.5 साल पहले क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली युवती से हुआ था। मगर शादी के बाद लड़का पक्ष ने लड़की के चरित्र पर सवाल खड़े किए। दूसरे लड़कों से भी उसके संबंध होने के आरोप लगाए। दूसरी तरफ लड़की भी शादी के बाद लड़के के साथ रहने को राजी नहीं थी। लिहाजा परामर्श केंद्र में मामला पहुंचा तो दोनों पक्षों ने अलग होने पर सहमति जताई। लिखा–पढ़ी के बाद शादी में दिया गया सामान भी वापस दे दिया गया। दूसरी तारीख पर लड़का पक्ष अपने साथ दो वैन भरकर करीब 30 गांव वाले व रिश्तेदार लाए तो वहीं लड़की पक्ष से केवल 4 लोग पहुंचे। गांव के प्रधान के सामने लड़की का बचा हुआ सामान भी लड़के वालों ने दे दिया। मामला निपट ही चुका था कि परामर्श केंद्र में ही लड़की ने लड़के को चप्पल दिखाना शुरू कर दिया।

पुलिस कर्मियों ने समझा बुझाकर जैसे–तैसे बाहर भेजा तो कहा सुनी और बढ़ गयी और लड़की ने लड़के को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसमें लड़का लहूलुहान भी हो गया। वहीं परामर्श केंद्र के पुलिस कर्मियों ने जैसे तैसे दोनों पक्षों को घर भेजा था।

# डीएम एवं सांसद ने ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का किया शुभारंभ

**लोग अधिक से अधिक संख्या में बढ़–चढ़ कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मे करें प्रतिभाग: डीएम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाँधी पार्क बरेली में रविवार को योग सप्ताह का शुभारम्भ सांसद बरेली छत्रपाल गंग. वार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा किया गया।

योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 जून से 20 जून 2025 तक प्रात: 6.00 से 8.00 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास व इसके साथ ही निबन्ध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन आदि प्रतियोगिताओं एवं योग कार्यशालाओं का आयोजन होगा, तथा दिनांक 21 जून 2025 को बरेली कॉलेज बरेली में वृहद सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम (योग संगम) आयोजित किया जायेगा।




इस अवसर पर सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है, जो हमें विरासत में मिला है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह मानते हुए लोगों के स्वस्थ रहने का संकल्प लिया गया, जिसके फलस्वरूप आज पूरा विश्व 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है, योग स्वस्थ्य जीवन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में योग को दिनचर्या का अंग मान लेना चाहिए, हम स्वस्थ होगें तभी विकास कर पायेगें और भारत आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राचीन भारत में जब चिकित्सा की आज जैसी सुविधायें नहीं थी तब लोग यौगिक क्रियाओं से ही स्वस्थ रहते थे, हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना ही होगा। उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक संख्या में बढ़–चढ़ कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग लें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक है, तथा योग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा दिनांक 21 जून 2025 को योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि निबन्ध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन आदि प्रतियोगितायें ऑनलाइन आयोजित की जायेगी। इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन गठित समितिओं द्वारा करते हुए प्रत्येक प्रतियोगिता के 5 प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा, जिन्हें राज्य स्तर पर भेजा जायेगा। सामूहिक योगाभ्यास के उपरान्त योग के प्रचार प्रसार हेतु सांसद, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर पद यात्रा का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यकम में राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, धन्वन्तरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की भी सहभागिता रही। उक्त के अतिरिक्त जनपद में संचालित सभी आयुष चिकित्सालयों में वहाँ के स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानों के द्वारा योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इन चिकित्सालयों में भी योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 से 21 जून 2025 तक प्रात: 6.00 से 8:00 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास व इसके अतिरिक्त रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण, पोस्टर प्रतियोगिताओ, योग कार्यशाला, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। सभी चिकित्सालयों के प्रभारियों द्वारा योग को अपना कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है, की जानकारी लोगों को देकर उन्हें जागरूक किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में तैनात योग प्रशिक्षकों द्वारा यौगिक कियाएं कराकर लोगों को लाभान्वित किया गया।

इस कार्यकम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अभिषेक सिंह, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डा. मो. अब्बास अली खान, प्रतिपाल सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डा. अजय पाल सिंह, डा. बृज भूषण, डा. संजीव कुमार, डा. तपिश माहेश्वरी, विवेक कुमार मिश्रा, डा. अमरीश अवस्थी, डा. मनोज कुमार, डा. विश्वजीत कुमार त्रिपाठी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उ.प्र. विधान परिषद समिति ने की अधिकारियों साथ की बैठक

**विकास प्राधिकरणों आवास–विकास परिषदों, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों को अपनी आय में वृद्धि करने के दिये निर्देश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उ.प्र. विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों आवास–विकास परिषदों, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमित्ताओं की जांच कराये जाने संबंधी समिति द्वारा जनपद बरेली व शाहजहॉपुर के अधिकारियों साथ विकास भवन सभागार मे बैठक की गयी।

बैठक में समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह, सदस्य रवि शंकर सिंह, सदस्य डॉ० हरि सिंह ढिल्लो, सदस्य विधान परिषद जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद बहोरन लाल मौर्य, जिलाध्यक्ष आंवला क्षेत्र भाजपा आदेश प्रताप सिंह, निजी सचिव धर्मेन्द्र सिंह, अपर निजी सचिव अजय चौहान, समीक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, समीक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डे, वृत्त लेखक अर्जित बाजपेई उपस्थित रहे।

समिति द्वारा सर्वप्रथम जनपद बरेली को सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों में प्रदेश प्रथम रैंक प्राप्त करने पर बधाई देते हुये जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह की सराहना की गयी।

बैठक में समिति द्वारा बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा रामगंगा परियोजना के कार्यों की जांच के संबंध में जवाब मांगा गया, जिसपर उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि कुछ स्थानों को कब्जा मुक्त कराते हुए प्लाट आवंटित कर दिये गये हैं, तथा वाटर टैंक वर्तमान में संचालित तीन निर्माणाधीन है। प्राधिकरण की आय में लगातार वृद्धि हुई है। जिसपर निर्देश दिये गये कि जब कार्य पूर्ण हो जाये तब समिति को अवगत कराया जाये। बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अच्छा कार्य कराये जाने पर समिति द्वारा प्रशांसा भी की गयी, जिसमें रामायण वाटिका और नाथ करिडोर के द्वारों की विशेष रुप से सराहना की गयी।

बैठक में समिति द्वारा शाहजहांपुर के आवास विकास परिषद से जानक. ारी ली गयी जिसपर अवगत कराया गया कि आवास विकास के पास तीन परियोजनाएं हैं। अवैध कब्जे हटाये जाने की सूचना शून्य है, क्योंकि मामले कोर्ट में लम्बित है। जिसपर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रभावी पैरवी कराते हुये कोर्ट से शीघ्र निर्णय कराया जाये। समिति द्वारा ई. डब्लू.एस, एल.आई.जी, एम.आई.जी व व्यवसायिक भूखण्डों के बारे में भी जानकारी ली गई। समिति के सदस्य जय पाल सिंह व्यस्त द्वारा कहा गया कि विकास प्राधिकरण के सापेक्ष आवास–विकास के कार्यों की गति धीमी है यह उनके अस्तित्व पर प्रशन चिन्ह है। आवासिय भवनों में व्यवसायिक कार्य करने वाले लोगों को धारा 82 के तहत नोटिस जारी करने तथा मुख्य अभियन्ता आवास विकास राजेन्द्र नाथ तथा ए.एम.ए शाहजहांपुर संतोष कुमार सिंह को बैठक में अनुपस्थित रहने और कोई सूचना ना देने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये तथा उन्हे स्वयं लखनऊ आकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये।

नगर निगम शाहजहांपुर से अपर नगर आयुक्त ने जनकारी दी गयी कि वार्डों में रोस्टर बनाकर फागिंग व छिड़काव कार्य किया जाता है। जिसपर निर्देश दिये गये कि छिड़काव हेतु आने वाली दवाओं का भी सैम्पल लेकर जांच की जाये, क्योंकि मच्छरों पर कोई दवा छिड़काव का कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। समिति द्वारा मौसम के द्रष्टिगत नालों, नालियों की सफाई कराने और निकलने वाले मलबों की समय से सफाई करायी जाये, जिससे वह नाली में न जाये के निर्देश दिये गये।

समिति द्वारा नगर निगम शाहज. हांपुर की वसूली के बारे में भी जानकारी ली गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि 29 करोड़ की वार्षिक वसूली है। समिति द्वारा पूछा गया कि आपके द्वारा आय बढ़ाने हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं, जिसपर बताया गया कि नये क्षेत्र चिन्हित किये जा रहे हैं। समिति द्वारा जानकारी ली गयी कि पार्षदगण नगर आयुक्त से आसानी से मिल पाते हैं कि नहीं। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि गौशालाओं पर विशेष ध्यान दिया जाये। नगर निकाय शाहजहांपुर ने अवगत कराया कि उनके अधिकारी क्षेत्र में 54 पार्क हैं, जिसमें शहीद पार्क में विशेष रुप से कार्य कराया गया है। आवास विकास परिषद बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी पांच परियोजनाये बरेली में हैं, जो विकास प्राधिकरण के हैण्ड ओवर की जा चुकी हैं। आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग पर क्या कार्यवाही की गयी उक्त की भी जानकारी बैठक में समिति द्वारा ली गयी।

# अब नौकरी खुद करनी होगी पैदा: सिद्दीकी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** पैगाम–ए–इंसानियत की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में तालीमी कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस मौके पर अलिफ एकेडमी के संस्थापक समीर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि हम उस जमाने में कदम रख रहे हैं, जहां नौकरी के दरवाजे बंद हो रहे हैं।

इसलिए बच्चों को नौकरी खुद पैदा करनी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अब रटने का नहीं बल्कि समझकर सीखने का जमाना है। सोचकर समझकर तालीम हासिल करें। कारोबार करने वाले लोगों को तब ही कामयाबी मिलेगी, जब अपने धंधे में इनोवेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जमाना रोबोट्स का आने वाला है। डॉ. शारिक वदूद ने पैगाम–ए–इंसानियत के समर क्लास के बारे में बताया। कर्नाटक से आए फिजीशियन डॉ. ताहा मतीन ने अध्यक्षता की।

डॉ. मतीन ने छात्रों के सामने शिक्षा के बुनियादी बिंदुओं पर अपनी बात रखी। जहीर अब्बास ने भी विचार रखे। अहमद अजीज, डॉ. अय्यूब अंसारी, जहीन अहमद, सय्यद इकराम हुसैन, सलीम कुरैशी, सुरमा कारोबारी हाजी शवेज हाश्मी आदि मौजूद रहे। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मिट्टी के डंपर ने बाइक सवार को रौंदा मौत, पत्नी-बेटी घायल



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार मिट्टी के डंपर ने एक बाइक पर सवार युवक को रौंदा दिया जिससे बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ में बाइक पर ही सवार उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के फैजुल्ला नगर के पास शनिवार देर शाम की है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के नियामत नगर गांव निवासी राजू पुत्र गुलाबी राम मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बीते रविवार की शाम राजू अपनी पत्नी और बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर रामपुर किसी काम से आया था जब वह रामपुर से देर शाम अपने घर वापस लौटा तो हादसे का शिकार हो गया। जैसे ही राजू की बाइक हाइवे स्थित फैजुल्ला नगर चौराहे के समीप पहुंचा तो रामपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी के डंपर ने जोरदार टक्टर मार दी। जिससे हादसा होते ही मौके पर चीखपुकार मचने लगी। मौके की ओर दौड़ राहगीरों ने जब तक घायलों को उठाया तब तक बाइक सवार राजू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में राजू की पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस शव को कब्जे में ले लिया और घायल मां बेटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। जिसके चलते थाना पुलिस ने मृतक राजू के पिता गुलाबी राम की तहरीर के आधार पर डंपर के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की कार्यवाही की है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है साथ ही परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थित में युवक फंदे पर झूला, मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के बड़े गांव चौराहे पर किराए के मकान में एक मोबाइल टावर टेक्नीशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार अंकित कुमार पुत्र जसवीर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी इस्माइलपुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर का निवासी था जो कि टावर टेक्नीशियन का कार्य करता था।रविवार दोपहर को अंकित ने संदिग्ध परिस्थित में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली सूचना मिलते ही थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम रामपुर मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।अंकित मोबाइल टावर पर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। वह बड़े गांव चौराहे पर किराए के मकान में रह रहा था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूचना पर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिल में रखे पाइपों में आग लगने से गुरुद्वारे की दीवार फटी, लाखों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** शनिवार रात्रि में अचानक दो जगह आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पटवाई थाना क्षेत्र मिलक रोड जागेश्वर दयाल दीक्षित जी के मिल में मैंथो कंपनी जल जीवन योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा चल रही मुहिम हर घर जल। गांव में पानी की टंकी के पाइपों का मिल में रेंनट पर सामान पड़ा हुआ था। जिसमें काफी सारे पाइपों का ढेर लगा हुआ था। शनिवार रात्रि में अचानक पाइपों में आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि मिल में रखे पाइपों में अचानक आग लग गई। डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। मैनेजर ने बताया कि शनिवार रात्रि करीब 3:30 बजे मुझे आग लगने की सूचना मिली सूचना पर में मौके पर पहुंचा घटना स्थल पर पटवाई पुलिस और फायर ब्रिगेडियर की गाड़ी आ गई बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पा लिया। बही गुरुद्वारे के सिकटरी जगजीत सिंह ने बताया कि पाइपों में आग लगने से गुरुद्वारे की दीवार फट गई जिससे अंदर तक टाइल्स भी फट गई। गुरुद्वारे के सिकटरी जगजीत सिंह ने 15 लाख रुपए तक का नुकसान बताया है।

इसी शनिवार रात्रि में करीब 11 बजे मिलक रोड पर पशु चिकित्सालय के पास एक सूखा पेड़ था अचानक नरखेडा बिजली घर से आ रही 11000 हजार की लाइन के तार अचानक टकरा गए। जिससे पेड़ में भीषण आग लग गई। रात्रि में ही घटना स्थल पर फायर ब्रिगेडियर की गाड़ी पहुंची आग पर काबू पाया। मौके पर नरखेड़ा बिजली घर के कर्मचारी भी पहुंच गए थे।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** पुलिस अध्यक्ष विद्यासागर द्वारा चलाए जा रहा है वारंटी वांछित अभियुक्त गण गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देश तथा राजवीर सिंह परिहान क्षेत्र अधिकारी मिलक कुशल नेतृत्व मैं थाना शहजाद नगर पुलिस द्वारा शांति गढ़ मेहदी हसन पुत्र बलि हसन निवासी ग्राम मनिया उदराज थाना शहजाद नगर उमर48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को समय से संबंधित धाराओं में न्यायालय समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम दूधनाथ यादव, दीक्षित, हरेंद्र यादव थाना अध्यक्ष शामिल रहे।

# स्थाई अतिक्रमण हटाने का मामला, पुलिस ने भारी वाहनों का प्रवेश किया वर्जित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत नरपतनगर और बिजारखाता में अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीएम ने रविवार को फिर दुकानदारों और मकान स्वामियों से वार्ता कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उधर पुलिस ने अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर बिजार खाता से स्वार को जाने वाले वाहनों की नाकेबंदी कर दी है। रविवार को नगर पंचायत नरपत नगर और बिजार खाता में स्थाई अतिक्रमण हटाने का सिलसिला जारी रहा मार्ग चौड़ाइकरण को लेकर अतिक्रमण पहले ही चिन्हित कर दिया गया था जिसको लेकर प्रशासन ने 16 जून को अतिक्रमण हटाने का ऐलान किया था प्रशासन के इस ऐलान से मार्ग के किनारे बनी दुकान और घरों के स्वामियों ने स्थाई निर्माण धराशाई करना शुरू कर दिया रविवार को पूरा दिन लोग अपना अपना अतिक्रमण हटाने के लिए अपने ही आशियाना पर हथोड़ा चलाते नजर आए। एसडीएम अमन देओल ने रविवार को फिर अधिकारियों के साथ दौरा किया और शीघ्र स्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ने अतिक्रमण हटाने को लेकर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर भारी वाहनों की नाकेबंदी कर दी है और इन वाहनों को दड़ियाल मार्ग पर डायवर्ट कर दिया है नरपत नगर और बिजार खाता में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## एक नजर

# पुलिस ने चार वारंटी को किया गिरफ्तार की कार्यवाही



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद पुलिस द्वारा चार वारंटी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की गई। कोतवाल पंकज पंत द्वारा बताया गया कि ग्राम मियागंज थाना सैफनी निवासी 28 वर्षीय ओमकार पुत्र राजाराम और 20 वर्षीय अनिल पुत्र राजाराम व ग्राम कासव नगला थाना शाहबाद निवासी 30 वर्षीय गुड्डू पुत्र राजाराम और 20 वर्षीय यशपाल पुत्र राजाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम उवनिव दिलीप कुमार , हेड कांस्टेबल देवराज सिंह कांस्टेबल कौशिंद्र सिंह मौजूद रहे।

## युवक हुआ सायबर ठगी का शिकार 13 हजार की रकम खाते से उड़ाई

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी युवक के साथ 13 हजार रुपए की सायबर ठगी हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम रुस्तमपुर निवासी 22 वर्षीय अंकित यादव पुत्र धर्मपाल अपनी बाइक से कही काम से जा रहे थे। अचानक से किसी अनजान नंबर से अंकित के पास कॉल आई और बोला में गूगलपे से बोल रहा हु आपका कल से क्लेम के लिए बाउचर आया हुआ है अपने क्लेम नहीं किया। फिर उसने अंकित को क्लेम करने की प्रक्रिया बताते हुए पिन डलवा लिया। जिससे अंकित के खाते से 5 हजार रुपए कट गए। अंकित ने जब उससे कहा तो बोला दोबा. रा पिन डालो वापसी आ जाएंगे। इसी तरह 3 हजार ओर डलवाए। इसी तरह 13 हजार की ठगी अंकित के साथ हो गई। अंकित ने 1930 साइबर सेल पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पूर्व विधायक ने विकास खंड में फीता काटकर किया योग सप्ताह का उद्घाटन



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** विकासखंड में रविवार को योग सप्ताह का पूर्व विधायक एवम ब्लॉक प्रमुख पति काशीराम दिवाकर द्वारा उद्घाटन किया गया जिसके बाद सभी ने एकसाथ योगाभ्यास किया। आपको बताते दें यह कार्यक्रम 21 जून तक चलेगा। पूर्व विधायक एवम ब्लॉक प्रमुख पति काशीराम दिवाकर ने कहा कि योग से शरीर निरोग रहता है। उन्होंने बताया कि अब योग का प्रचार-प्रसार पूरी दुनिया में हो रहा है। उन्होंने लोगों से योग को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, योग शिक्षक, यूनानी चिकित्सक , कर्मचारी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# तेज आंधी से अधिवक्ताओं के चेंबर पर गिरा पेड़, कई चैंबर हुई क्षतिग्रस्त



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार तड़के करीब दो बजे अचानक आई तेज आंधी से क्षेत्र के कई इलाकों में लगे भारी भरकम पेड़ गिर गए। हालांकि कहीं कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन आंधी-बारिश से लाखों के नुकसान का अनुमान है। वही तहसील शाहाबाद परिसर में एक पेड़ गिरने से लगभग आधा दर्जन अधिवक्ताओं के चेंबर क्षतिग्रस्त हो गए पेड़ का भारी भरकम हिस्सा गिरने से अधिवक्ताओं के टीन शेड और मेज कुर्सियों को काफी नुकसान पहुंचा है जानकारी होने पर तहसील पहुंचे अधिवक्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र ऐसे पेड़ों को हटाने की मांग की जिनसे आगे भी खतरा बना हुआ है इस दौरान निधि गोपाल सिंह यादव एडवोकेट सौरभ सिंह ठाकुर नरेंद्र सिंह ठाकुर स्टांप विक्रेता नत्थू सिंह यादव , रामचंद्र सिंह दिवाकर, एडवोकेट आदि लोगो के चेंबरों का काफी नुकसान हुआ है बरहाल तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा ने मौका निरीक्षण किया उन्होंने बताया की उपरोक्त पेड़ों की छटाई करवा दी है एवं उन पेड़ों को चिन्हित कर दिया गया है जिससे खतरा बना हुआ है शीघ्र ही उन सभी पेड़ों को भी कटवा दिया जाएगा।

## किसानों से अपील महा पंचायत के लिए चलें हरिद्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार भारती किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व किसान16 जून को हरिद्वार महापंचायत में जाने के लिए तहसील स्वार में एकत्र होंगे और यहां से किसान सभी साथियों के साथ हरिद्वार जायेगे और वहां महापंचायत में शामिल होंगे तहसील स्वार के सभी किसान साथियों से जिला सलाहकार सलामत जान व पदाधिकारी से अपील करता हू 16, 17 , 18 हरिद्वार के लिए समय निकालो और पंचायत को सफल बनाएं सभी का पहुंचना अनिवार्य है जय जवान जय किसान सभी साथी समय से पहुचे भारती किसान यूनियन टिकैत।

# हाउस और वाटर टैक्स बढ़ने पर रामपुर के व्यापारियों का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर एक बैठक आयोजित हुई जिसमें व्यापारियों व पदाधिकारियों ने नगर पालिका के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स बढ़ने से रामपुर की जनता और नागरिक व व्यापारी अत्यधिक परेशान है हाउस टैक्स वॉटर टैक्स बढ़ने की वजह से लोग आत्महत्या पर आमादा हैं। जिसकी वजह से रामपुर की जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है इन बढ़ी दरों को कम कराया जाना अति आवश्यक है।वर्तमान में नगर पालिका परिषद रामपुर में 30 हजार प्रति मकान व 40 हजार रुपए प्रति मकान के नोटिस नगर पालिका परिषद द्वारा मासूम जनता व व्यापारियों को दिए जा रहे हैं। इस संबंध में नगर पालि. का परिषद में बहुत जल्दी एक ज्ञापन दिया जाएगा। इस संबंध में मोहल्ले व बाजारों बाजरो में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस पर भी नगर पालिका परिषद अपनी हरकतों से बाज नहीं आती है व हाउस टैक्स व वाटर टैक्स कम नहीं करती है तो आवश्यकता पड़ने पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा जी को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ,युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता , नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, नगर अध्यक्ष लघु प्रकोष्ठ दिलशाद अहमद, अनिल यादव जिला सचिव , अलीम, खान ,फहीम अहमद, मोहम्मद रफी, सईद खुसरो, जमीर अहमद, मुमताज अहमद ,राजेंद्र सैनी ,जयपाल सैनी, हरिओम सैनी ,फहद खान, सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बंजरिया क्षेत्र में 7 दिन से फूंके पड़े ट्रांसफार्मरों को बदलवाया जाए : मुस्तफा हुसैन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सैदनगर के बंजरिया क्षेत्र के गांवो में ट्रांसफार्मर फूकने की वजह से कई दिन से विद्युत आपूर्ति ठप्प है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी रामपुर को एक्स / ट्विटर के माध्यम से शिकायत दर्ज करवा कर विद्युत आपूर्ति सुचारू करवाए जाने का अनुरोध किया है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने अवगत कराया है कि बंजरिया क्षेत्र के गांव पर परसुपुरा में 7 दिन से दोनों ट्रांसफार्मर फूंके पड़े हैं। ग्राम वासियों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गांव में विद्युत आपूर्ति न होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाए जाने की मांग की है।

## भाजपा की नगर मंडल कार्यसमिति घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** नगर मंडल की मंडल कार्य समिति घोषित की गई। जिसमें स्वार के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत सैनी स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर राकेश चंद्र ,जगदीश सरन गुप्ता, किशनलाल चंद्र, ने स्वार नगर मंडल की कार्यकारिणी का स्वागत फूल मालाओं से स्वागत किया। जिसमें 6 उपाध्यक्ष छह मंत्री दो महामंत्री एक कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी सोशल मीडिया संयोजक आईटी संयोजक कार्यालय प्रभारी सदस्य सभी को स्वार नगर मंडल अध्यक्ष ने पटका पहनकर स्वागत किया। जिसमें उपस्थित स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, लक्ष्मीकांत सैनी अमित सक्सेना ,रामावतार दिवाकर ,संजीव लोधी, हरीश मौर्य सूरज वाल्मीकि, रिंकू सैनी, हरि सिंह लोधी ,राजीव वर्मा, राकेश चंद्र जसवीर सागर ,राजेंद्र सैनी, दीपक चंद्र आदि उपस्थित रहे। जिसमें मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी से कहा किसी भी पदाधिकारी का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। स्वर्ण नगर मंडल के भाजपा के सभी पदाधिकारी को केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की जान योजनाओं का लाभ मिलेगा और अंत में बैठक का समापन स्वाद नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने पर उनके कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। मिलक विधानसभा के ग्राम पंचायत क्रमचा के खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू जाटव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, लेकिन आजादी के बाद उन्हें जितना सम्मान मिलना चाहिए था, वह पिछली सरकारों ने नहीं दिया। पहली बार पंचतीर्थ का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कराया, मध्य प्रदेश के मऊ में भव्य स्मारक बन चुका है। अब संविधान दिवस मनाया जाने लगा। शुकतीर्थ का सनातन इतिहास याद दिलाते हुए कहा कि दुनिया का कोई मत, मजहब और संप्रदाय इतना पुराना नहीं है आगे कहा कि लंदन में जहां रहकर बाबा साहब ने पढ़ाई की, इंग्लैंड सरकार उस भवन को बेच देना चाहती थीं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भवन को खरीदा और भव्य स्मारक बनाया, छात्रावास और स्कॉलरशिप की व्यवस्था की। दिल्ली में सांस्कृतिक केंद्र बनवाया, बाबा साहब की दीक्षा भूमि नागपुर में स्मारक बनवाया गया, कहने के लिए पहले भी सरकारें आई थीं, लेकिन बाबा साहब के गौरव के अनुरूप किसी ने काम नहीं किया। साल 2015 तक किसी भी देश के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए वहां सरकार ने बाबा साहब के नाम पर समारोह नहीं किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का काम किया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह लोधी, कपिल गुप्ता, दीपक चंद्रा, सुनील कुमार चौहान, भारत सिंह, प्रवेश वाल्मीकि, प्रदीप जाटव, अरुण कुमार लोधी, हर स्वरूप, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नगर मंडल पदाधिकारियों का हुआ स्वागत समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** रविवार को नगर महामंत्री नन्हे राम पांडेय के आवास पर नवनिर्वाचित नगर कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार ने की, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार ने कहा कि में सर्वप्रथम नगर मंडल मिलक के नवनिर्वाचित पदाधिकारी बंधुओ को उनके दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मैं कार्यकर्ताओ से आशा करता हूं कि आप अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। आप सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधु पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार ने कहा कि सर्वप्रथम नवनिर्वाचित नगर मंडल मिलक के कमेटी के सदस्यों को शुभकामनाएं देती हूं आप सभी मिलाकर भाजपा को मजबूत करने का काम करेगे 2027 में योगी जी की सरकार पुन बनायेंगे ।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, ऋषि पांडेय मनोज पांडेय, नरेंद्र गंगवार ,ममता अत्री, अजय बाबू गंगवार, टेकचंद गंगवार, नन्हे राम पांडेय, विजय पाल लोधी, राजीव गंगवार, साईया सक्सेना, बृजेश गंगवार, जीवाराम जी, शान्ति स्वरुप, बसंत कुमार, चंद्रभान मित्तल , अमरजीत सिंह माटा, विश्वजीत पांडेय महावीर मौर्या, आदि उपस्थित रहे।

## बारिश होने से आरिल नदी को मिला जीवन

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में प्रभावित होने वाली नदी का पुनरुद्धार हेतु कराए जा रहे कार्यों का शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने जायजा लिया था। आपको बताते चलें उपरोक्त नदी के संबंध में किए जा रहे हैं। पुनरुद्धार के लिए लगभग 70% कार्य किया जा चुका है रविवार को सुबह हुई बारिश के कारण उपरोक्त नदी में जल प्रवाह होने लगा जिसकी निरीक्षक को पहुंचे खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया की शीघ्र ही शेष कार्य के बाद आरिल नदी अपने पूर्ण अस्तित्व में आ जाएगी और स्थानीय किसानों के लिए फिर से कृषि उपयोग में सहयोगी बनेगी।

# चचेरे-तहेरे भाईयों को कैंटर ने रौंदा, मौत

## ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकराने से उछलकर हाइवे पर गिरे, रामपुर से दिल्ली जा रहे थे दोनों मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गजरौला में पिछले कुछ दिनों से लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। रविवार की सुबह भी हाइवे पर एक सड़क हादसे में एक बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे में बाइक सवार चचेरे तहेरे दो भाईयों को पीछे से आ रहे एक कैंटर ने रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लिया, और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जाम खुलवाया।

### ■ जुबिलेंट के सामने नए पुल पर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार हादसा रविवार की सुबह करीब आठ बजे हुआ। एक अपाचे बाइक पर सवार दो युवकों मुरादाबाद की तरफ से आ रहे थे। हाईवे पर जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के सामने बने ब्रिज पर इस समय वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था चल रही थी। इस दौरान बाइक सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉले में घुस गई। टक्कर लगने से बाइक सवार रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव अनवे निवासी विशाल(25) व उनके तहेरे भाई राजेश (23) उछल कर सड़क पर गिर गए और इसी दौरान पीछे से आए एक कैंटर ने दोनों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। इतना ही नहीं क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली में एक कार भी भिड़ गई। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों की वजह से हाईवे पर कई किमी तक जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी पर भिजवाया, वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात सुचारु कराया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन पीएम हाउस पहुंच गए। रो रोकर उनका हाल बेहाल था।



गजरौला। हादसे के बाद हाइवे पर लगे लम्बे जाम में फंसे वाहन।

### हादसे के बाद हाइवे पर लगा भीषण जाम

**गजरौला।** इस दर्दनाक हादसे के बाद हाइवे पर जाम के हालात बन गए। दोनों दिशाओं में वाहनों की कतारें लग गई। एसएसआई बृजेश कुमार ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद तो मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी, मगर बाद में उनकी शिनाख्त हो गई। हादसे के शिकार हुए दोनों युवक विशाल व राजेश आपस में तहेरे चचेरे भाई थे। वे दिल्ली में रहकर काम करते थे। विशाल दिल्ली में दर्जी का काम करता था। बाइक भी विशाल पुत्र नेकपाल निवासी सुधामापुरी रमेशनगर मोतीनगर वेस्ट दिल्ली के नाम से पंजीकृत है।

### दोनों भाईयों ने लगा रखे थे हैलमेट

**गजरौला।** विशाल और राजेश आपस में चचेरे तहेरे भाई थे। वे दिल्ली जा रहे थे और दोनों के सिर पर ही हेलमेट थे। लेकिन केंटर के रौंदने के कारण उनकी जान नहीं बच सकी।

# भाजपा नेता के घर तोड़फोड़-हंगामा

## दो नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पुरानी रंजिश में भाजपा नेता के घर तोड़फोड़ की गयी। नाबालिग से छेड़छाड़ का भी आरोप है। पुलिस ने दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। यहां एक भाजपा नेता का परिवार रहता है। वह राष्ट्रीय स्तरीय एक मजदूर संगठन में भी बड़े पदाधिकारी हैं। पुलिस के मुताबिक उनकी मोहल्ले में ही रहने वाले अपने साले के बेटों से किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। दोनों पक्षों के बीच पूर्व में भी कई बार बीच विवाद हो चुका है। घटना रात करीब 10 बजे की है। भाजपा नेता की पत्नी का आरोप है कि सगे भाई अब्दुल समद और मोहम्मद असद अपने दो अज्ञात साथियों को लेकर सड़क से सटी बैठक में घुस आए। आरोपियों ने वहां रखे सामान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। आवाज सुनकर भाजपा नेता की नाबालिग बेटी जब मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आस-पास रहने वाले लोगों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी अब्दुल समद व असद के अलावा दो अज्ञात हमलवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# मजदूर की पत्नी बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार

## पति ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मजदूर की पत्नी बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। लम्बा समय बीतने के बाद भी पुलिस उसे तलाश में नाकाम रही। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाला एक मजदूर पेशा युवक बीती 29 मई की सुबह काम की तलाश में गांव से बाहर निकला था। घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे अकेले थे। दोपहर में जब युवक खाना खाने के लिए घर लौटा तो उसे पत्नी गायब मिली जबकि बच्चे कमरे में खेलते हुए मिले। शुरू में युवक ने समझा कि पत्नी गांव में कही गई होगी लेकिन थोड़ी देर बाद ही उसका ये ख्याल गलत साबित हुआ। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर जब तलाश शुरू की तो जानकारी मिली कि पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गई है। दोनों के बीच चुपके-चुपके काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था लिहाजा युवक ने ये बात ससुराल वालों को भी बता दी। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों में काफी तलाश किया लेकिन विवाहिता का कोई सुराग नहीं मिला। थकहार कर युवक ने थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी। 17 दिन गुजरने के बाद भी पुलिस विवाहिता को तलाश नहीं कर सकी है। परेशान युवक शनिवार को फिर थाने पहुंचा और बच्चों की परवरिश की दुहाई देते हुए पत्नी को जल्दी बरामद करने की गुहार पुलिस से लगाई।

# बाबा बजरंगी ने मस्ताना पहलवान को किया चित

## दाउदिया दंगल में कुश्ती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**उझारी।** हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के उर्स के अवसर पर चल रहे विशाल दाऊदिया दंगल में देश-विदेश के पहलवानों ने अपने अपने जौहर दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

संवाददाता उझारी जनपद अमरो. हा के कस्बा उझारी में आयोजित विशाल दाऊदिया दंगल में हरियाणा, पंजाब, नेपाल, नागालैंड, दिल्ली, संभल, अमरोहा, बागपत, शामली आदि देश विदेश के पहलवान अपने-अपने जौहर दिखा रहे हैं। दंगल के दूसरे दिन सुल्तान वारसी पहलवान देवा शरीफ ने कैल्शियम पहलवान लखीमपुर खीरी को, बाबा बजरंगी पहलवान ने मस्ताना पहलवान लखीमपुर खीरी को, मौसम अली पहलवान पंजाब ने गोल्ट पहलवान बुलंदशहर को, धमाका पहलवान नागालैंड ने सोनू पहलवान बुलंदशहर को, सुल्तान वारसी पहलवान देवा शरीफ ने टाइगर पहलवान मुजफ्फरनगर को पराजित कर अपनी विजय पताका लहराई। दर्शकों में भी तालियां बजाकर एवं नकद पुरस्कार देकर पहलवानों की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा नदीम वसीम दुकानदार शादाब मंसूर, मोबीन अहमद, मौ० कासिम, अदनान महल, कोकब इक्तेदार, वहाबुद्दीन, अलाउद्दीन सैफी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से उझारी चौकी इंचार्ज सतबीर सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे



## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवती के परिजनों ने दूसरे गांव के युवक पर गंभीर आरा. प लगाए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि देहरा कादर बक्श गांव निवासी मोहित पुत्र पप्पू ने उनकी बेटी को झांसा देकर घर से भगा ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने थाना धनौरा में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजन बेटी की सकुशल वापसी की उम्मीद में पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे है।

### कैंटीन संचालक से 5500 रुपये की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकान के बराबर में स्थित कैंटीन में बैठे युवक के साथ 5500 की लूट हो गई। लूट की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। लूट की पूरी घटना शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नगर में चोरों एवं लुटेरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है जिसका उदाहरण रविवार को दिखाई दिया। कोतवाली की चंद कदमों की दूरी पर सरकारी अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकान स्थित है। उसके बराबर में एक व्यक्ति कैंटीन चलाता है। कैंटीन पर नगर निवासी नन्हे सिंह पुत्र हरकेश अपने भांजे अरुण पुत्र मुनेश के साथ बैठकर बीयर पी रहा था। तभी अचानक एक व्यक्ति आया और नन्हे सिंह की जेब में रखें 5500 रुपए लूट कर भाग गया। उसे भागता देख नन्हे सिंह उसके पीछे भागे लेकिन वह उनकी पकड़ में नहीं आया। लूट की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई तो पुलिस शराब की दुकान पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी की। इसी दौरान पुलिस द्वारा शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखें तो पूरी घटना साफ दिखाई दे रही थी। वही पीड़ित नन्हे सिंह द्वारा कोतवाली में तहरीर देने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार द्वारा बताया गया की घटना की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। लेकिन पीड़ित द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### नमाज को जा रहे युवकों को पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव लिसड़ी खुर्द में नमाज पढ़ने जा रहे पिता पुत्रो को रास्ते में रोककर गालीगलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव लिसड़ी खुर्द निवासी शराफत का आरोप है कि शनिवार को वह अपने पिता और भाई के साथ नमाज पढ़ने जा रहा था, तभी गांव के ही निवासी महबूब, सहबूब, दानिश और मुजफ्फर ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि चारों ने पहले गालीगलौज की और जब इसका विरोध किया गया तो मारपीट पर उतर आए। शोर मचने पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

# बीमारियों से बचने को प्रतिदिन करें योग

## टाउन हाल में योगाभ्यास शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि आज योग की जीवन में बहुत उपयोगिता है। प्रतिदिन इसे करने से बीमारियों से बचा जा सकता है तथा शरीर भी स्वस्थ रहता है।

रविवार से शुरू योग सप्ताह के मौके पर टाउन हाल में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि आज हमारी जिंदगी भागदौड़ भरी है। जिस कारण हम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पैदा हो जाती है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि आज योग हमारे जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है। जो लोग योग करते है उनकी जीवन शैली में काफी सुधार देखा गया है। हमें स्वस्थ्य शरीर के लिये योग का सहारा लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रतिदिन योग करते है तो इससे शरीर काफी स्वस्थ्य रहता है। बीमारियों के पैदा होने का खतरा नहीं रहता। प्राचीन समय में योग के माध्यम से बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज आसानी से किया जाता था। उन्होंने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस है। सभी लोग को योग के माध्यम से इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने योग भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता अजय चौहान भी मौजूद रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला को पीटा

## घर में तोड़फोड़, बाइक भी क्षतिग्रस्त की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोपियों ने महिला को बुरी तरह पीटते हुए घर के बाहर खड़ी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। मामले में दो सगे भाईयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती खुर्द की है। यहां कल्लू खां का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शमीम जहां का आरोप है कि गांव का रहने वाले सगे भाई हसनैन और अलीशेर उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। आए दिन झगड़ा करने के बहाने तलाशते रहते हैं। घटना बीती 13 मई की सुबह 11 बजे की है। दोनों भाईयों ने शुएब और नईम के साथ मिलकर घर का रास्ता बंद कर दिया। रास्ता खुलवाने के लिए बोलने पर आरो. पियों ने हमला कर दिया। घर के शीशे तोड़ते हुए बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की। विरोध किया तो मारपीट की, हमले में शमीम जहां, तौहीद, नासिर और फरमान गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी अलीशेर, हसनैन, नईम व शुएब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पुलिस कर्मियों पर अवैध वसूली का आरोप

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र में दो पुलिस कर्मियों पर किसान से अवैध वसूली और मारपीट का आरोप लगा है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

ग्राम बांसका खुर्द निवासी गुलनवाज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। गुलनवाज किसानों के खेतों की जुताई का काम करता है। उसने थाना रहरा में तैनात दो पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, 12 जून की शाम 6 बजे दोनों पुलिसकर्मी जबरन उसके घर में घुस गए। उन्होंने खेतों की जुताई के बदले में पैसों की मांग की। जब गुलनवाज ने पैसे देने से मना किया, तो उन्होंने उसे पीटा। पुलिसकर्मी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। गुलनवाज ने बताया कि यह पूरी घटना उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है। साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# उत्थान के लिए संगठन की एकजुटता बहुत जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर ब्राह्मण सभा की बैठक में नगराध्यक्ष डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा ने समाज के लोगों ने जिस एकजुटता और मेहनत के साथ भाग लिया, उसके लिये सभी धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं, कहा कि समाज को इसी तरह की एकजुटता की जरूरत है। एकजुट होकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें। रविवार की शाम को नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन और समाज की सबसे बड़ी मजबूती उसकी एकजुटता है। इसलिए हमें एकजुट रहना चाहिए और एक दूसरे के सुख दुख में काम आना चाहिये। सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने समाज के लोगों से कुरीतियां त्यागने और अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाने, उन्हें संस्कार देने पर जोर दिया। भाजपा नेता व अधिवक्ता डॉ.राजीव शुक्ला ने कहा कि हम सब एक दूसरे की ताकत बनें और महापुरूषों के बताए पद्चिन्हों पर चलें। बैठक में पंडित अश्वनी शर्मा, पंडित योगेश प्रभाकर, सभासद पति देवेश शर्मा, विनय कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, प्रमोद उपाध्याय विवेक शर्मा, शुभम भारद्वाज, उत्तम शर्मा, प्रहलाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ■ नगर ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन



# रंजिशन लगाई आग तीन लाख का नुकसान

## कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** रंजिशन बिटौरों में आग लगा दी गयी। 23 पेड़ भी जलकर राख हो गये। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला को भी जिंदा जलाने की धमकी दी। मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीबड़ा कलां की है। यहां रहने वाला संजय कुमार देहरादून में रहकर नौकरी करता है जबकि उसकी पत्नी कविता गांव में रहते हुए खेतीबाड़ी का काम संभालती है। कविता ने खेत में ही बिटोरा बना रखा है, जिसमें घर में इस्तेमाल होने के लिए ईंधन रखा रहता है वहीं खेत के चारों तरफ यूकेलिप्टस के पेड़ भी लगे हुए हैं। घटना बीती 11 मई की दोपहर करीब एक बजे की है। कविता का आरोप है कि रंजिश में गांव के रहने वाले रौशन उर्फ घोटल ने पत्नी शकुंतला, बेटे दीपक उर्फ दीपू, विपिन, सचिन, अरविंद और पुत्रवधू काजल के साथ मिलकर बिटोरे में आग लगा दी। अग्निकांड में भूसे के अलावा यूकेलिप्टस के 23 पेड़ जलकर राख हो गए। आग पर बमुश्किल काबू पाया गया। वहीं, इस घटना में कविता का करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ। आरोप है कि उसी दिन शाम में कविता खेत से घर लौट रही थी तो रास्ते में तालाब के पास मिले आरोपियों ने खेत में आग लगाने की बात स्वीकारते हुए जिंदा जलाने की धमकी दी। पुलिस स्तर से मामले में कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने मामले में कोर्ट की शरण ली थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर मामले में सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# प्रताड़ना से आहत होकर डी फार्मा छात्र ने की थी आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** छात्र हरविंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण हैंगिंग आया है। आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या वजह रही, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। वहीं, मृतक के भाई ने पास के गांव निवासी एक युवक उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर निवासी किसान धर्मपाल सैनी का बेटा हरविंद्र सैनी डी-फार्मा का छात्र था। वह शुक्रवार दोपहर में अमरोहा जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन तलाश के बीच देर शाम में उसका शव खेत में एक पेड़ के सहारे फांसी पर झूलता हुआ मिला था। परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताई गई थी। उनका कहना था कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। पोस्मार्टम रिपोर्ट में हरविंद्र की मौत का कारण हैंगिग आया है यानि उसने आत्महत्या की थी। वहीं, मृतक के भाई ने तहरीर देकर पास के गांव निवासी एक युवक पर हरविंद्र को आत्महत्या की हद तक मजबूर करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में जांच की रही है। मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल मिलने के बाद जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### ■ भाई ने पड़ौसी गांव के युवक पर लगाया आरोप

# BCCI ने रणजी ट्रॉफी का फार्मेट बदला

## अब एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा, दिलीप ट्रॉफी फिर जोनल टीमों में होगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के फार्मेट में बदलाव किया है। अगले सीजन से इस टूर्नामेंट में एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा। ये बदलाव बीसीसीआई के सभी एज ग्रुप टूर्नामेंट में लागू होंगे। यह फैसला शनिवार को अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में हुआ है।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा है कि सभी मल्टी-डे मेंस टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सीजन से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा। जबकि एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा। अब तक रणजी के हर सीजन के बाद 2 टीमों को प्लेट से एलीट ग्रुप में प्रमोट किया जाता था। जबकि, सबसे निचले स्थान पर रहने वाली 2 टीमों को एलीट से प्लेट ग्रुप में रेलीगेट किया जाता था।

रणजी ट्रॉफी का 2025-26 सीजन 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो राउंड में होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नाकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की जोनल फार्मेट में वापसी हो गई है। यह इस सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। बोर्ड ने कहा- श्टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट सहित सभी वनडे टूर्नामेंट में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है। अब तक नाकआउट चरण में टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेलती थी, लेकिन इस सीजन से टाप टीमों को सुपर लीग में तीन और मैच मिलेंगे।

ग्रुप ए और बी की टाप टीमें फाइनल खेलेंगी। बाटम-6 टीमें प्लेट ग्रुप में शामिल होंगी। एसएएमटी 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई के वाइट बाल के सभी टूर्नामेंट में लीग राउंड में बराबरी पर रहने वाली टीमों में से आगे बढ़ने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में यह नियम पहले से लागू है। इसे डोमेस्टिक में भी शामिल किया गया है। क्यों बदलना पड़ा फार्मेट? बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में 9 नई टीमों को शामिल किया था, इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट की क्वालिटी प्रभावित हुई। मेघालय को पिछले सीजन में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड से पांच टी-20 खेलेगा भारत

## तीन वनडे मैच भी आयोजित होंगे, 11 जनवरी को पहला मैच, बीसीसीआई ने 8 को होस्ट बनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने शनिवार को न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेडयूल जारी किया।

इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी। जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजैक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबा. नी करेंगे। इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा।

टीम इंडिया ने 2024 में द. अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। भारत के होम कैलेंडर में 3 सीरीज शामिल इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को विंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज व द. अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैच खेलने है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर आस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी।




# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक

## भारत ए ने बनाए 299/6, सिराज-कृष्णा को 2-2 विकेट

**बेकनहम, वार्ता।** बेकनहम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच के दूसरे दिन सरफराज खान ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 76 गेंदों में 101 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह के लिए यह दिन फीका रहा और वे 7 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ए का स्कोर 299/6 था, जिसमें ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रन पर नाबाद हैं। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण सरफराज का तूफानी शतक रहा, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया। इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का यह प्रदर्शन उनकी प्रतिभा को मजबूती प्रदान करता है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 92 रन बनाए थे। 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। ऋतुराज गायकवाड़ 2 गेंदों पर ही आउट हो गए पारी की शुरुआत में, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट दो गेंदों पर खो दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज की गेंद पर ऋषभ पंत ने कैच किया। हालांकि, अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। दोनों टेस्ट टीम का हिस्सा हैं । सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट मिले भारतीय गेंदबाजों में, सिराज (2/86) और प्रसिद्ध कृष्णा (2/41) ने उल्लेखनीय योगदान दिया, जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह प्रभाव नहीं छोड़ सके और 7 ओवर में 36 रन देकर विकेटविहीन रहे। अर्शदीप सिंह (12 ओवर में 0/52) भी कोई विकेट नहीं ले सके। पहले दिन भारत की बल्लेबाजी में कप्तान गिल व राहुल ने अर्द्धशतक जड़े।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली करारी शिकस्त, दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही






**एंटवर्प, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा हैं।

यहां खेले गए मुकाबले में संजय ने मैच के शुरुआती तीसरे मिनट में गोलकर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि इसके एक मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड ने गोल. कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अगले ही मिनट में ब्लेक गोवर्स ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। इस गोल के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखी और ऑस्ट्रेलिया टीम आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दोनों टीमों को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही।

पहला हाफ ऑस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। दस मिनट के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने नए जोश के साथ मैदान में वापसी की। 36वें मिनट में दिलप्रीत बेहतरीन मैदानी गोलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कुछ ऐसे क्षण थे जब भारत बराबरी कर वापसी कर सकता था लेकिन वे मौके का फायदा नहीं उठा सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की

कोंटिच, वार्ता। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय जूनियर महिला टीम ने शनिवार को को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के लिए जोसी लॉटन ने (पांचवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम की नंदिनी ने थोड़ी देर बाद ही आठवें मिनट में इसका जवाब देते हुए गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की उप कप्तान हिना बानो ने (14वें) मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोलकरने के कई मौके भुना नहीं पायी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने ऑस्ट्रेलियाई हमलों को विफलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब 17 जून को नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने विश्वकप में जीता गोल्ड

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर




**बर्लिन, वार्ता।** आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने बर्लिन में खेले जा रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नार्वे के जीनेट हेग डयूस्टैड और जान-हरमन हेग ने ने। के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रान्ज मेडल जीता।

भारतीय ने गोल्ड, चीन की जोड़ी ने सिल्वर और नार्वे की जोड़ी ने ब्रान्ज मेडल जीता। बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रान्ज मेडल जीते थे। भारत अब चीन (छह) और नार्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल जीते हैं, जबकि नार्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रान्ज मेडल जीतकर पाइंट टेबल में टाप स्थान पर है।

## जेक फ्रेजर-मैकगर्क की तूफानी फिफ्टी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जेक फ्रेजर-मैकगर्क के 38 गेंदों में (88) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बाद जेवियर बार्टलेट और हारिस राउफ (चार-चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क शनिवार को खेले गए मुकाबले में 38 गेदों में 11 छक्के और दो चौके लगाते हुए (88) रनों की पारी खेलते अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 219 रन का स्कोर पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ सीजन के पहले मैच में 151 रन बनाकर एमएलसी इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने वाले फिल एलन 27 गेंदो में 52 रन जड़कर अर्द्धशतक बनाया।

## यूपी में केरल को हरा कर जीता स्वर्ण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल की पुरुष टीम ने कोच्चि में खेले गए नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में केरल की टीम को 21-14 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश टीम इस राष्ट्रीय प्रतियोगता में अपराजित रही है। हर्ष डगर,कुशल सिंह,दिग्विजय सिंह और रिआंशू नेगी की टीम में यह थ्री ऑन थ्री नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर 23 जीती। यूपी ने तेलंगाना को सेमी फाइनल में 19-17 से पराजित किया जबकि क्वार्टर फाइनल में यूपी ने मध्य प्रदेश को 21-14 से हराया था। 11 से 13 जून तक खेली गए टूर्नामेंट के लीग मैच में दिल्ली , मिजा. ेरम , गुजरात और गोवा को हरा कर यूपी टीम इस पूरी प्रतियोगता में अपराजित रही। इस वर्ष यह यूपी बास्केटबॉल टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में दूसरा पदक है । इससे पहले सीनियर नेशनल थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल चैंपियनशिप पुरुष में रजत पदक जीत था।

## राडुकानू ने बर्लिन ओपन से नाम लिया वापस

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने पीठ की समस्या के कारण सोमवार से शुरु हो रहे बर्लिन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन से पहले पिछले महीने स्ट्रासबर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से पीठ की समस्या से जूझ रही हैं। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन ने शुक्रवार को क्वींस में झेंग किनवेन से क्वार्टर फाइनल में हारने के दौरान ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट लिया। राडुकानू ने कहा कि यह पिछले कुछ हफ्तों से चल रहा है, और मुझे पहले भी पीठ की समस्या हो चुकी है। यह मेरी कमजोरी है।

### खेल विशेष

## प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य

**द. कोरिया, वार्ता।** भारत की प्रणति नायक ने एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 30 वर्षीय ओलंपियन ने 13-466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रारंभिक दौर में 13-083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13-666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12-866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। यह नायक का महिलाओं की वॉल्ट में तीसरा एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य है, जो उलानबटार (2019) और दोहा (2022) में उनके पिछले पोडियम फिनिश

# द. अफ्रीका की महिला टीम ने विंडीज को हराया

## एन म्लाबा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए, दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-1 से बराबरी की

**केव हिल, वार्ता।** सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन- म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने नोंडुमिसो शंघासे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। नोंडुमिसो शंघासे ने 48 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। मैरीजान कैप्प (32), सिनालो जाफ्टा(दो) रन बनाकर आउट हुई। 43वें ओवर में आलिया ऑलेन ने सुने लूस को आउट किया। सुने लूस ने 65 गें. दों में आठ चौकों की मदद से (76) रन बनाये। एनरी डर्कसन (37), क्लोई ट्राइऑन (28) फ्लेचर का शिकार बनी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 309 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से एफी फ्लेचर ने चार विकेट लिए। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 50 ओवरों में 269 के स्कोर पर सिमट गई और 40 रनों से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक (56) रनों की पारी खेली। शमैन कैंपबेल ने (53) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे शिनेल हेनरी (39), जायडा जेम्स (18), जैनिलिया ग्लास्गो, स्टेफनी टेलर और किआना जोसेफ (17) रन बनाकर आउट हुई।




## जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: कमिंस

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गई। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया।

# सम्पादकीय

सोमवार, 16 जून 2025

## डब्ल्यू-डब्ल्यू 3 की आहट

क्या दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। जिस तरह इजरायल व ईरान एक–दूसरे पर भयानक व विनाशकारी हमले कर रहे हैं और यह सिलसिला पिछले तीन दिन से लगातार जारी है, उसको देखकर यह आशंका प्रबल हो चली है कि यह संघर्ष तीसरे विश्वयुद्ध को जन्म दे सकता है। यह आशंका यूं ही नहीं है। एक तरफ जहां इजरायल के साथ अमेरिका सीना तानकर खड़ा है और पश्चिमी देश भी इजरायल को सहयोग करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ रूस, चीन, उत्तर कोरिया जैसे देश लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि ऐसे देश भी हैं, जो दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं, लेकिन यह अपील कोई कारागर होती दिखाई नहीं दे रही है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इजरायल–ईरान संघर्ष को लेकर लगभग 50 मिनट की बातचीत भी टेलीफोन पर हो चुकी है, जिसमें दोनों नेताओं ने चिंता जताई और इस युद्ध पर कैसे लगाम लगाई जाए, इस पर चर्चा की है, लेकिन उसका नतीजा भी अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। युद्ध कितना भयावह हो चला है, इसका अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि ईरान व इरायल दोनों के बड़े शहरों में इस समय मौत का तांडव मचा है और चारों तरफ वहां आग ही आग और धमाके सुनाई दे रहे हैं। मिसाइलें ऐसे बरस रही हैं जैसे कोई आतिशबाजी हो रही हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मौजूदा हालात में जिस तरह का वातावरण बना है, उसके लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। ऐसे समय में जब अमेरिका व ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता चल रही थी और उस वार्ता का छठां दौर रविवार को होना था, उससे पहले ही ईरान पर हमले का कोई मतलब नहीं बैठता। यही कारण है कि कई जानकार लोग यह मानते हैं कि ईरान को बातचीत में उलझाकर बड़ी चालाकी के साथ ईरान पर हमला बोला और उसके कई वैज्ञानिक, सैन्य कमांडर सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले बोले। स्थिति कितनी विचित्र है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों से कई विरोधाभास पैदा कर रहे हैं। एक तरफ कहते हैं कि अगर ईरान को महाविनाश से बचना है, तो उसे परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करना ही होगा। नहीं तो उसका कुछ भी नहीं बचेगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि अमेरिका का ईरान पर हमले से कोई लेना–देना नहीं है और वह ईरान को चेतावनी भी देते हैं कि वह अमेरिकी हितों पर हमला करने की गलती न करे। नहीं तो उसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। जबकि ईरान साफ कर चुका है कि जो भी इजरायल को समर्थन करेगा, वह भी उसको अपने दुश्मन के रूप में ही लेगा और उस पर सीधे सैन्य कार्रवाई करेगा। जाहिर है यह पूरा परिदृश्य विश्व पटल पर बड़ी भयावह तस्वीर पेश कर रहा है, क्योंकि भले ही देखने में यह संघर्ष ईरान व इजरायल के बीच हो रहा है, लेकिन अगर बात आगे बढ़ती है जो कि बढ़ती दिखाई भी दे रही है, तो यह पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। ऐसे में यह पूरी दुनिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए वह आगे आए, क्योंकि इस समय जिस तरह के हालात हैं, अगर यह यहां नियंत्रित नहीं होते तो चीजें हाथ से निकल भी सकती हैं।

### हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे



केंद्र की मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है, पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था, आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं, मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे, कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे, मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ, उरी में हमला किया, तो सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा किया, तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया, जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

## इस्लामी इतिहास का एक महत्वपूर्ण पर्व है ईद-ए-गदीर





कमर अब्बास

दुनिया के तमाम इलाही मजाहिब, एक परवरदिगार के अलावा किसी की इबादत करने को गुनाह करार देते हैं। तमाम मजाहिब में इलाही कानून को समझाने के लिए मुखतलिफ शख्सियात का जिक्र तारीखी किताबों में मिलता है जिन्होंने उस मजहब के कानूनों के मुताबिक जिन्दगी गुजार कर अपने वक्त और आने वाले वक्त के आम इंसानों के लिए राहे अमल तैयार की। इस्लाम में ऐसी शख्सियात की फेहरिस्त में सबसे अव्वल और आलातरीन नाम हुजूर मुहम्मद मुस्तफा (स.) का है जिन्होंने अरब के अंधेरे को ताकयामत दिन के उजाले में तब्दील कर दिया। अरब में फैली तमाम जहालत को दूर करके, इल्म और अमल की बाकमाल ताकत से दुनिया को आशना कराया। इस फेहरिस्त में दूसरा नुमायां नाम हजरत अली का है जिन्होंने हुजूर के ऐलान यह नबुव्वत से पहले ही आपकी गोद में परवरिश पाई और इस्लामी कानूनों के अमल को ना सिर्फ दुनिया में उरूज पाते देखा बल्कि उस परवाज का हिस्सा भी रहें। हुजूर (स.) से आपकी नजदीकी का यह आलम था कि हुजूर (स.) ने खुद को शहरे इल्म और अली को उस शहर का दरवाजा करार दिया यानी जिसे हुजूर स. के इल्म तक पहुंचना है उसे दरवाजे यानी अली से होकर गुजरना होगा। इसी तरह एक और जगह हुजूर स. ने खुद को और अली को एक ही नूर के दो टुकड़े करार दिया।

इस नजदीकी का नुकता यह कमाल, हुजूर स. की जिन्दगी के पहले और आखिरी हज से वापसी के दौरान मैदान यह खुम में दिया गया खुतबा है जिसमें आप ने हाजी सहाबियों की कसीर तादाद के सामने अल्लाह की हम्द के बाद अपनी हैसियत बयान की फिर वहां मौजूद तमाम लोगों से अपनी सरपरस्ती, हुकूक ओ विलायत का इकरार लिया। हाजरीन ने अली को मुबारकबाद पेश की और उनकी विलायत का इकरार किया। इस मौके को गदीर ए खुम के नाम से जाना जाता है। इस तारीख को लिखने का सबब जहां एक तरफ 18 जिल्हिज को यौमे गदीर को ईद–ए–गदीर के तौर पर याद करते हुए आप सब को मुबारकबाद पेश करना है वहीं दूसरी तरफ यह भी याद दिलाना है कि इस्लाम की इन दोनों आलातरीन शख्सियात ने हम्द यह खुदा के साथ–साथ इल्म और अमल की कसरत से तालीम दी है। दोनों की बशरी जिन्दगी जहां एक तरफ इंसानियत की खिदमत को अव्वलतरीन दर्जा देती है वहीं दूसरी तरफ जुल्म और बातिल की खुली मुखालफत को भी पहला फर्ज करार देती है।

इस्लाम का बुनियादी कलमा ला यानी इंकार से शुरू होता है जो किसी भी झूठ की खुली मुखालफत है। इसी ला की वजह से आप दोनों और आपकी नस्लों ने बेशुमार परेशानियों और मजालिम का सामना किया लेकिन कभी बातिल से दोस्ती तो दूर कभी राजी भी नहीं हुएं। ऐसी शख्सियात को जिन्दगी का रोल मॉडल मानने का दावा करने वाली कौम के चमकते चेहरे माने जाने वाले लोग आज बातिल से ना सिर्फ राजी हैं बल्कि उससे दोस्ती को फख्र का सबब समझने लगे हैं। बातिल की तमाम निशानियां जैसे तड़क भड़क का दिखावा, गरीबों और कमजोरों पर जुल्म, कुफ्र की ताकतों की तारीफ, दौलत को ईमान पर तरजीह देना, जिस्मानी मेहनत को कमतर समझना, झूठी तारीफों से खुश होना वगैरह, आज कौम में आम हो चुकी हैं। इसलिए ईद ए गदीर मनाते हुए हम सब अपने अपने गिरेबान में झांककर ईमानदारी से वो सिफात तलाश करें जो इस्लाम की आलातरीन शख्सियात ने अपने चाहने वालों में होने को वाजिब बताया है और अगर कोई कोताही पाएं तो उसे दूर करके उन सिफात को अपनी जिन्दगी में उतारने की कोशिश करें वरना याद रखिए यह ईद भी रस्म होगी और आने वाला मुहर्रम भी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बातिल के सामने न झुकने का पर्व है ईद-ए-गदीर

इस्लाम धर्म के इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हुई हैं, जिनका व्यापक प्रभाव मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक दिशा में पड़ा है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण घटना है ईद–ए–गदीर, जिसे शिया मुसलमान बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.अ.) द्वारा अपने चचेरे भाई और दामाद हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह घटना इस्लामी इतिहास की सबसे निर्णायक घटनाओं में से एक मानी जाती है।

**गदीर का ऐतिहासिक प्रसंग**

गदीर एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है जलाशय या तालाब। गदीर–ए–खुम वह स्थान है जहां यह ऐतिहासिक घटना घटी। हिजरी 10वीं वर्ष (632 ई.) में हज के अवसर पर, पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.) ने अंतिम हज (हजतुल विदा) किया। जब वह मक्का से लौट रहे थे, तो गदीर नामक स्थान पर (जो मक्का और मदीना के बीच स्थित है) उन्होंने एक बहुत बड़ा जनसमूह एकत्र किया। यह लगभग 1,20,000 लोगों की भीड़ थी। इस जनसमूह के सामने उन्होंने एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसे खुत्बा–ए–गदीर कहा जाता है। इसी भाषण में उन्होंने हजरत अली का हाथ उठाकर कहा घोषणा की। यह घोषणा केवल आत्मीयता या निकटता का प्रतीक नहीं थी, बल्कि एक आधिकारिक उत्तराधिकार का स्पष्ट संकेत था। इस घोषणा के बाद पैगम्बर ने हजरत अली का हाथ उठाया और उन्हें नेतृत्व सौंपा।

**हजरत अली का व्यक्तित्व**

हजरत अली न केवल पैगम्बर के दामाद थे, बल्कि वह एक महान योद्धा, न्यायप्रिय खलीफा, विद्वान और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके कथन और कार्य आज भी न्याय, ईमानदारी, और नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।

**ईद–ए–गदीर का वर्तमान संदर्भ**

आज जब दुनिया में धार्मिक मतभेद और सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहे हैं, ईद–ए–गदीर का संदेश हमें एकता, नेतृत्व में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व एक प्रेरणा है कि समाज में नेतृत्व योग्यता, चरित्र और ईश्वर की मरजी के अनुसार चुना जाना चाहिए। ईद–ए–गदीर, विशेष रूप से शिया मुसलमानों के लिए, एक बहुत ही बड़ा धार्मिक पर्व है। यह दिन–

1. इमामत की स्थापना का दिन है।
2. नेतृत्व की आधिकारिक घोषणा का दिन है।
3. विलायत (नेतृत्व) और तौहीद (एकेश्वरवाद) के परिप्रेक्ष्य में एकता का संदेश देता है।

(एस. आर. ज़ैदी)

## राफेल गिराने का दावा, डसॉल्ट ने पाक को लताड़ा

**भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने ११ मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है।**



अक्षत श्रोत्री

शायद कोई ही ऐसा दिन जाता होगा जब दुनिया भर में पाकिस्तान अपनी बेइज्जती ना करवाता हो। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। डसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया है कि पिछले महीने हुए संघर्ष के दौरान भारत ने राफेल जेट खो दिए थे, उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद ने जो कहा वह ष्गलतष् है। डसॉल्ट एविएशन राफेल जेट बनाती है, जो भारतीय वायु सेना का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान है।

फ्रांसीसी पत्रिका चैलेंजेस से बात करते हुए ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे का खंडन किया कि 7–10 मई को भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के दौरान तीन राफेल जेट विमानों को मार गिराया गया था। टकराव के दौरान भारत के कम से कम एक राफेल के नुकसान के बारे में रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, ट्रैपियर ने कहा, भारतीयों ने संवाद नहीं किया है, इसलिए हमें ठीक से नहीं पता कि क्या हुआ। हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तानी जो कह रहे हैं वह गलत है। उन्होंने हवाई युद्ध के परिणामों पर परिप्रेक्ष्य जोड़ते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी सैन्य मिशन की सफलता का आकलन केवल क्षति की अनुपस्थिति से नहीं किया जा सकता। जब आप लड़ाकू विमान उड़ाते हैं, तो आप एक मिशन को अंजाम दे रहे होते हैं।

मिशन की सफलता शून्य नुकसान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरा होना है। डसॉल्ट के सीईओ ने एक ऐतिहासिक समानता बताई द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, यह नहीं कहा गया था कि मित्र राष्ट्र इसलिए युद्ध हार गए क्योंकि उन्होंने अपने सैनिक खो दिए थे। ट्रैपियर ने कहा, हम देखेंगे कि क्या कोई नुकसान हुआ और क्या युद्ध के उद्देश्य पूरे हुए। जब सच्चाई सामने आएगी तो कुछ लोग हैरान हो सकते हैं। इस्लामाबाद ने पहले दावा किया था कि उसने 7 और 10 मई को छह भारतीय विमानों को मार गिराया था। यह शत्रुता भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने 11 मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है। इसका उत्तर स्पष्ट रूप से हां है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। सिंगापुर में शांगरी–ला डायलॉग में बोलते हुए चौहान ने पाकिस्तान के दावों को बिल्कुल गलत बताया। हालांकि उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि संघर्ष के शुरुआती दौर में भारतीय जेट विमान गिराए गए थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने या उनमें राफेल शामिल थे या नहीं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या राफेल अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक है, तो ट्रैपियर ने लड़ाकू जेट की विश्वसनीयता पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखा। ष्मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है, एफ–35 से बेहतर है और बाजार में मौजूद सभी चीनी विमानों से कहीं बेहतर है। माना कि एफ–22 जैसे विमानों के साथ सीधे मुकाबले में राफेल को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने इसकी बहुमुखी प्रतिभा पर जोर दिया। यह कहना हमेशा जटिल होता है कि हम पूर्ण रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मैं ईमानदारी से सोचता हूं कि हम समझौता करने में सर्वश्रेष्ठ हैं। मान लीजिए कि आप एक ऐसा विमान चाहते हैं जो हवा से हवा में मिशन, टोही, हवा से जमीन पर हमला, परमाणु मिशन और विमानवाहक पोत पर चढ़ने में सक्षम हो। उस स्थिति में, मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एआई के सामने क्या भारत का सरकारी तंत्र तैयार है

आज जब पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई की नई क्रांति की ओर बढ़ रही है, भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। बड़े शहरों में तो स्टार्टअप, तकनीकी संस्थान और कॉर्पोरेट ऑफिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जादू को अपने काम का हिस्सा बना रहे हैं। चैट–जीपीटी और ग्रोक जैसे टूल्स और मशीन लर्निंग आधारित एप्लिकेशन दिन–प्रतिदिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। दुनियाभर में ओपन एआई ने चैट–जीपीटी और एक्सएआई ने ग्रोक जैसे बहुत रोचक, रोमांचक एआई टूल दे दिए हैं, जो हर समस्या का समाधान सुझाने के लिए प्रसिद्धी पा रहे हैं, लेकिन क्या यही बदलाव देश के ग्रामीण इलाके, किसान, सरकारी कर्मचारी और शिक्षकों तक पहुंच रहा है या एआई केवल शहरों का ही फेमस शो बनकर रह जाएगा? यह सवाल बहुत बड़ा है क्योंकि भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी गांवों में रहती है और इनके बिना भारत का विकास पूरा नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत में अभी भी कई मूलभूत समस्याएं जमी हुई हैं। बिजली की अनियमितता, कमजोर इंटरनेट कनेक्शन, कम डिजिटल साक्षरता और पुराने प्रशासनिक सिस्टम। ऐसे में जब देश एक डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में प्रवेश कर रहा है, तो क्या यह लाखों गांव, छोटे कस्बे और सरकारी दफ्तर इसकी जटिलताओं को समझ और अपना सकते हैं?



कहा जा सकता है कि सरकार बड़े उत्साह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अथवा कृत्रिम बुद्धिमता आधारित योजनाएं और नीतियां पेश कर रही है पर उनका जमीनी क्रियान्वयन, खासकर गांवों में, फिलहाल संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत में अब भी लगभग 40 फीसदी ग्रामीण इलाकों में तेज इंटरनेट उपलब्ध नहीं है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर की संख्या बेहद कम है, और उनमें भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। ऐसे हालात में ।प्की शिक्षा और उसका इस्तेमाल कठिन है।

**ऐसे मिलेगा किसानों को फायदा**

किसानों के लिए एआई यानी इस कृत्रिम बुद्धिमता में अपार संभावनाएं हैं, जैसे बेहतर फसल पूर्वानुमान, स्मार्ट सिंचाई, मिट्टी का विश्लेषण, और कीट नियंत्रण के डिजिटल समाधान, लेकिन ज्यादातर किसान न तो स्मार्टफोन के नियमित उपयोगकर्ता हैं और न ही एआई से जुड़े एप्लिकेशन की समझ रखते हैं। भारत में 70 फीसदी से अधिक किसान 10वीं कक्षा से भी कम पढ़े–लिखे हैं, जो डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल में बाधा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्थानीय भाषाओं में और सरल तरीके से किसानों तक पहुंचाना नितांत आवश्यक है, नहीं तो यह तकनीक उनके लिए दूर की कौड़ी ही रहेगी।

सरकारी तंत्र भी एआई अपनाने में अभी काफी पीछे है। आज भी सरकारी विभागों में फाइलों का पहाड़ और मैन्युअल कामकाज चलता है। कई बार नई तकनीकें लागू होने के बावजूद कर्मचारियों को उनकी पूरी ट्रेनिंग नहीं मिल पाती। डिजिटल गवर्नेंस तभी सफल हो सकती है जब प्रशासन के हर स्तर पर लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल्स का सही ज्ञान और प्रयोग करना आए। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई की पहुंच सीमित है। जहां बड़े शहरों के तकनीकी संस्थान कृत्रिम बुद्धिमता के बारे में छात्रों को आधुनिक शिक्षा दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण स्कूलों में यह एक सपना जैसा है। नई शिक्षा नीति NEP 2020 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात हुई है पर सरकारी स्कूलों में अभी भी डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों की भारी कमी है। बिना आधारभूत डिजिटल शिक्षा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई व्यर्थ होगी।

एआई के बढ़ते प्रभाव से नौकरियों को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। अनुमान है कि आने वाले दशक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन कई पारंपरिक नौकरियां खत्म कर सकता है, खासकर डाटा एंट्री, क्लर्क, कॉल सेंटर जैसे काम। यह चिंता योग्य है, क्योंकि भारत में लाखों लोग ऐसे कामों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, डेटा प्राइवेसी और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दे भी गांव के आम लोगों के लिए नए और समझ से बाहर हैं। इसको आप इस तरह भी समझ सकते हैं कि इस लेख को तैयार करने में भी एआई टूल चौट–जीपीटी की काफी मदद ली गई है।

**कुछ अहम कदम उठाने होंगे जरूरी**

अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सफलतापूर्वक भारत के हर हिस्से में फैलाना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान जरूरी हैं। यह अभियान स्थानीय भाषाओं में होना चाहिए ताकि हर कोई इसका फायदा समझ सके। सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और किसानों को एआई के फायदों और सीमाओं की जानकारी देना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा को प्रयोगात्मक और व्यवहारिक बनाना होगा ताकि छात्र इसे सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि जीवन में इस्तेमाल कर सकें।



फहीम तन्हा

यह भी जरूरी है कि एआई की नीति बनाते समय सिर्फ तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि सामाजिक वैज्ञानिक, ग्रामीण प्रतिनिधि और आम जनता की भी राय ली जाए। इससे नीति ज्यादा प्रभावी और समावेशी बनेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के विकास के लिए एक बड़ी शक्ति हो सकती है, बशर्ते हम इसे पूरे देश के लिए बराबर अवसर के साथ उपलब्ध कराएं। सिर्फ शहरों और बड़े उद्योगों तक सीमित रहने पर यह तकनीक नई सामाजिक और आर्थिक असमानताएं पैदा कर सकती है।

इसलिए कृत्रिम बुद्धिमता की इस नई लहर को हर भारतीय के लिए एक अवसर बनाना होगा, न कि एक खतरा। इसके लिए हमें न केवल बुनियादी डिजिटल अवसंरचना मजबूत करनी होगी, बल्कि शिक्षा, प्रशिक्षण और सरकारी प्रशासन को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुकूल बनाना होगा। तभी इस संक्षिप्त एआई के नाम से मशहूर हो चुकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वादा पूरा हो सकेगा और भारत एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बन सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बड़े एक्शन की तैयारी में इजरायल

# ईरान-इजरायल में संघर्ष चरम पर

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है।

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजरायल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजरायली मारे गए हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने कहा है कि अगर इजरायल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजरायल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।



■ मिलिट्री लोकेशन खाली करें ईरानी नागरिकः इजरायल

■ ईरान ने इजरायल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी

## इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोके अमेरिकाः इराक

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किए जाने का सख्त विरोध करता है। बयान में कहा गया है कि इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए इजरायल की ओर से उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गई।

## हजारों न्यूयॉर्कवासी ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ राष्ट्रपति विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल

**न्यूयॉर्क।** हजारों न्यूयॉर्कवासी लगातार बारिश होने के बावजूद ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के खिलाफ शहर में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पूरे न्यूयॉर्क में इस दिन 90 से अधिक 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है, और पूरे देश में लाखों लोगों के 'राष्ट्रव्यापी अवज्ञा दिवस' में शामिल होने की उम्मीद है। शनिवार को 'नो किंग्स' वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अधिनायकवाद, अरबपति केन्द्रित राजनीति और लोकतंत्र के सैन्यीकरण को अस्वीकार करने के लिए आयोजित किया गया है। अकेले न्यूयॉर्क में मैनहट्टन, क्वींस, ब्रुकलिन और स्टेटन द्वीप में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। विशेष रूप से, हजारों प्रदर्शनकारी मैडिसन स्क्वायर पार्क की ओर शांतिपूर्ण मार्च करने से पहले ब्रायंट पार्क और फिफ्थ एवेन्यू के आसपास एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प प्रशासन की निंदा करते हुए विभिन्न तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# अमेरिका समर्थित राहत केंद्र के पास गाजा में गोलीबारी

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा पट्टी में रविवार को एक राहत केंद्र के पास हुई गोलीबारी में आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह राहत केंद्र इजरायल और अमेरिका के समर्थन से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चश्मदीदों ने इस हमले के लिए इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

हालांकि, इजरायली सेना की ओर से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि रविवार तड़के रफा शहर में दो राहत केंद्रों की ओर भीड़ जा रही थी। तभी इजरायली सेना ने गोलियां चलाईं। राहत कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल की नाकेबंदी और सैन्य अभियान की वजह से गाजा में भुखमरी की स्थिति बन गई है और अकाल का भी खतरा बढ़ गया है। गोलीबारी उन केंद्रों से कुछ सौ मीटर दूर हुई, जो गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं। इजरायल और अमेरिका इस संस्था के जरिए संयुक्त राष्ट्र की वितरण प्रणाली की जगह लाना चाहते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इस नई वितरण प्रणाली को मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि यह मानवीय सिद्धांतों के खिलाफ है। पिछले एक महीने में जबसे ये राहत केंद्र शुरू हुए हैं, इनके पास रोजाना गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। चश्मदीदों का कहना है कि इजरायली सेना बार-बार इन केंद्रों की ओर जा रही भीड़ पर गोलीबारी करती है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना का कहना है कि वह सिर्फ चेतावनी देने के लिए गोली चलाती है, जब कोई संदिग्ध व्यक्ति उनके सैनिकों के करीब आता है।

■ आठ फलस्तीनियों की मौत, दर्जनों लोग घायल

## संक्षिप्त समाचार

### चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीज़ा छूट की सुविधा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवम्बर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जायेगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

### नेपाल में पुल ढहने से तीन लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वी नेपाल में शनिवार को एक निर्माणाधीन पुल ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुल शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे ढह गया जिससे छह मजदूर घायल हो गए। पुल का निर्माण पंचथर और तापलेजंग जिलों को जोड़ने के लिए किया जा रहा था। पंचथर जिला पुलिस के प्रवक्ता रूपेश तमांग ने कहा कि तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है, जिससे व्यापार विवाद तेज हो गया और यूरोपीय उत्पादकों ने इस फैसले से भारी नुकसान की चेतावनी दी है। यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने भी 26 मई को तब टिप्पणी की जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से बातचीत को बेनतीजा बताया था।

# नाईजीरिया में 100 लोगों को मौत के घाट उतारा

## सैकड़ों घायल, कई लापता, बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया

**अबुजा।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ।

घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू में जमीन-पानी के लिए मुस्लिम-ईसाई लोगों में लड़ाई बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। चरवाहों का तर्क होता है कि ये जमीन चरागाह के रास्ते हैं, जिन्हें देश की आजादी के पांच साल बाद 1965 में पहली बार कानून बनने के बाद अधिकार मिला था। नाइजीरिया में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन और पानी के लिए अक्सर लड़ाई होती है। मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की पिछले महीने, नाइजीरिया के बेन्यू के ग्वेर वेस्ट जिले में हुए एक के बाद एक कई हमलों में संदिग्ध चरवाहों ने कम से कम 42 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल में बेन्यू के पड़ोसी राज्य पठार में कम से कम 40 लोग मारे गए थे। शोध फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक बेन्यू में झड़पों ने 500 से अधिक लोगों की जान गई है और 22 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



■ मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की

# बमबारी के कारण ईरान की गैस रिफाइनरी में विस्फोट

## विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई

■ ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया।

एजेंसी ने कहा कि विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई है, हालांकि अभी तक नुकसान की सीमा के बारे में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश भर के अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर करना था। ईरान ने हमलों के जवाब में शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह को इजरायली ठिकानों पर रॉकेट से हमला किया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ के अनुसार हमलों के कारण तीन लोग मारे गए और 172 अन्य घायल हो गए।





तेल अवीव। गोलीबारी की चेतावनी देने वाले सायरन के दौरान एक आश्रय में बैठे इजरायली लोग।

# ट्रम्प खाड़ी देशों के हालात पर चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि 'इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा हमने लंबी बातचीत की। रूस यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रम्प ने कहा 'पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं-दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में कैदियों की तुरंत अदला-बदली की जा रही है।' शनिवार को ट्रम्प का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



■ पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं

## पुतिन, ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर की चर्चा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की है। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी है। पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने शनिवार को कहा कि बातचीत 50 मिनट तक चली, यह सार्थक, ईमानदार और बहुत उपयोगी थी। उन्होंने कहा स्वाभाविक रूप से यह मध्य पूर्व में स्थिति के खतरनाक रूप से बिगड़ने पर केंद्रित थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि पुतिन ने ईरान के खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा की और संघर्ष के संभावित बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुतिन ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के महत्व और संभावित मध्यस्थता प्रयासों में शामिल होने के लिए रूसी पक्ष की तत्परता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भी स्थिति को बहुत चिंताजनक मानते हैं। उन्होंने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की पटरी पर लौटने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। उशाकोव के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकारों की टीम ईरानी प्रतिनिधियों के साथ काम फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुतिन ने ट्रम्प को दो जून को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों द्वारा किए गए समझौतों के निष्पादन के बारे में भी जानकारी दी।

# ट्रम्प प्रशासन ने अप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाईः रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है। आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनों में हिंसा ने ट्रम्प प्रशासन को लॉस एंजेलिस क्षेत्र में नेशनल गार्ड के सदस्यों और सक्रिय-ड्यूटी मरीन भेजने के लिए मजबूर किया है, जबकि कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। फिलहाल, वाशिंगटन आईसीई एजेंटों की सुरक्षा करने और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सैन्य सदस्यों का उपयोग जारी रख सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने गुरुवार शाम फैसला सुनाया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कैलिफोर्निया के नेशनल गार्ड को अवैध रूप से संघीय बना दिया है और संविधान का उल्लंघन किया है। इसके बाद नौवीं अमेरिकी सर्किट अपील अदालत ने आपातकालीन स्थगन जारी कर दिया।



## वियतनाम में वुटिप तूफ़ान के कारण छह लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के किक्वांग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

# जमीन पर पटका-फिर घुटने से दबाई गर्दन

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी पर भारतीय की गैर इरादतन हत्या के आरोप लगे हैं। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने भारतीय मूल के इस युवक को पकड़कर जमीन पर पटका, फिर घुटने से उसकी गर्दन दबाई थी।

हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इसकी मौत हो गई। आस्ट्रेलिया के शहर एडिलेड के मोडबरी नार्थ में भारतीय मूल के निवासी 42 वर्षीय गौरव कुंदी रहते थे, कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उनकी मौत हो गई, इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे सामने आया कि कुंदी की हालत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के दौरान बिगड़ी थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक पुलिस अधिकारी ने घुटने से कुंदी की गर्दन दबाई थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक रायस्टन पार्क में कुंदी को गिरफ्तार किए जाने का प्रयास किया गया था। दरअसल पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच झगड़ा होते हुए देखा था, जबकि यह उनकी पत्नी पत्नी अमृतपाल कौर थीं।

■ आस्ट्रेलिया में पुलिस ने की भारतीय की हत्या